- खगड़िया संस्करण
- वर्ष: 5
- अंक: 159
- मूल्य ₹ 2.00
- पृष्ठ 06
- Reg: UDYAM-BR-17-0007168

दैनिक
# बिहार पत्रिका
सच के साथ

पटना। शुक्रवार, 18 अक्टूबर 2024 web_dainikbiharpatrika.com Email_ dainikbiharpatrika@gmail.com


## संक्षिप्त खबर

### चार किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**दैनिक बिहार पत्रिका/छपरा**

डेरनी पुलिस ने धनौती ब्रह्म बाबा के पास से चार किलोग्राम गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया तस्कर राजा सिंह अवतारनगर थाना क्षेत्र के रतनपुरा बसंत का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार धनौती ब्रह्म बाबा के स्थान के पास बहुत दिनों से गांजा पीने वाले लोगों की देर शाम तक भीड़ जमी रहती थी। वह स्थान काफी सुनसान है और उसी रास्ते से कई गावों के लोग बसंत,गड़खा व छपरा आते जाते हैं। पुलिस को इसकी सूचना मिली। पुलिस ने छापेमारी की तो उक्त तस्कर गांजा के साथ मौके से पकड़ा गया।

### देशी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार



**दैनिक बिहार पत्रिका/छपरा**

माँझी थाना क्षेत्र के महम्मदपुर से पुलिस ने देशी शराब के साथ गोपालगंज के एक तस्कर को गिरफ्तार किया। इस संबंध में थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि महम्मदपुर के चौकीदार बिधान माँझी द्वारा बताया गया कि महम्मदपुर में एक अज्ञात व्यक्ति बोरे में शराब लेकर बेचने के लिए आया है, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एएसआई नसीम खान के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी की गई तथा पुलिस बल के सहयोग से तस्कर को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार तस्कर के पास से पांच पांच लीटर के दो पॉलीथिन में बंधा हुआ दस लीटर देशी शराब बरामद किया गया। गिरफ्तार तस्कर गोपालगंज नगर थाना क्षेत्र के अरार गाँव निवासी स्व० ललन चौधरी का पुत्र ओम प्रकाश चौधरी है।

### उत्पाद विभाग ने 22 वाहनों की हुई नीलामी

**दैनिक बिहार पत्रिका/भागलपुर**

मद्यनिषेध कार्यालय में मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के अंतर्गत जब्त एवं अधिहरित कुल 22 वाहनों की नीलामी हुई। जिसमें 12,18,710 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। इस नीलामी में कुल 166 आवेदन प्राप्त हुए थे। पांच वाहनों पर एक-एक आवेदन होने के कारण उसकी नीलामी नहीं की गई। इस अवसर पर जिला परिवहन पदाधिकारी, वरीय कोषागार पदाधिकारी, सहायक आयुक्त मद्यनिषेध आदि मौजूद रहे।


खबर और विज्ञापन के लिए संपर्क करें
9801716267


# हाइ-वोल्टेज तार की चपेट में आने से बस की छत पर चढ़े कई लोग झुलसे,एक की मौत

## आक्रोशित लोगों ने बरडीहा पेट्रोल के समीप महुआ-ताजपुर मार्ग को घंटो किया जाम

**दैनिक बिहार पत्रिका/वैशाली**

वैशाली जिले के नगर थाना क्षेत्र के कौनहारा रोड स्थित पावर हाउस के पास हाइ वोल्टेज तार की चपेट में आने से अंतिम संस्कार में शामिल होने आए बस की छत पर सवार आधा दर्जन से अधिक लोग बुरी तरह से झुलस गए।घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गईं। मौके पर लोगो की भीड़ जुट गई। वही सूचना मिलते ही नगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने दो



- सड़क जाम

लोगों के गंभीर स्थिति को देखते हुए पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया। वहीं पीएमसीएच ले जाने के दौरान पातेपुर थाना क्षेत्र के बरडीहा निवासी दिलीप राय की मौत रास्ते में ही हो गई। वहीं घटना से आक्रोशित लोगों ने देर रात बरडीहा पेट्रोल पंप के समीप महुआ-ताजपुर मार्ग को घंटो जाम कर दिया। बताया जाता हैं कि गुरुवार के दोपहर मुजफ्फरपुर जिले के कुढ़नी थाना क्षेत्र के चढ़ुआ गांव निवासी शंकर राय की पत्नी के मौत होने पर परिजन अन्य लोगों के साथ बस से अंतिम संस्कार के लिए वैशाली जिले के कौनहारा घाट आए थे।अंतिम संस्कार के बाद कुछ लोग बस की छत पर चढ़ रहे थे,इसी क्रम में एक व्यक्ति बस के ऊपर से गुजर रहे हाइटेंशन तार के सम्पर्क में आ गया । जिससे पूरे बस में करेंट दौर हो गई थी।

# लोक शिकायत के सात मामलों की सुनवाई करते हुए किया गया समाधान



**दैनिक बिहार पत्रिका/छपरा**

जिलाधिकारी, सारण अमन समीर के द्वारा शुक्रवार को कार्यालय कक्ष में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के तहत द्वितीय अपील में शिकायतों की सुनवाई की गई और शिकायत का निवारण किया गया।

जिला पदाधिकारी द्वारा लोक शिकायत के कुल सात मामलों की सुनवाई की गई तथा सभी सात मामलों में अंतिम रूप से आदेश पारित किया गया तथा अनुपालन हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिया गया। जिला पदाधिकारी अमन समीर ने कहा कि लोक शिकायतों का ससमय तथा गुणवत्तापूर्ण निवारण अत्यावश्यक है। लोक प्राधिकारों को तत्परता प्रदर्शित करनी होगी। उन्होंने कहा कि बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 का सफल क्रियान्वयन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी पदाधिकारी इसके लिए सजग, संवेदनशील तथा सक्रिय रहें।

# यात्रियों के लिए मददगार बन रहा रेल मदद ऐप

**दैनिक बिहार पत्रिका / छपरा**

आनंद विहार टर्मिनल से रक्सौल जा रही एक महिला यात्री, जो सद्भावना एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर 14018) के B-1 कोच में बर्थ नंबर 11 पर यात्रा कर रही थी, उसने रास्ते में असहज महसूस किया और मदद के लिए रेलवे से संपर्क किया। ट्रेन बलिया से आगे बढ़ने पर समस्या बढ़ने लगी, तो उन्होंने रेल मदद ऐप का इस्तेमाल करते हुए सेनेटरी पैड की मांग की। यह संदेश कंट्रोल रूम के माध्यम से छपरा रेलवे स्टेशन स्थित टीसी कार्यालय तक पहुंचा। वहां टीसी प्रतिमा कुमारी ने बिना किसी संकोच के महिला यात्री की जरूरत को समझते हुए अपने सहयोगी को बाजार भेजकर सेनेटरी पैड मंगवाया। जैसे ही सद्भावना एक्सप्रेस छपरा जंक्शन पहुंची, प्रतिमा कुमारी ने खुद प्लेटफार्म नंबर तीन पर जाकर महिला यात्री की सीट पर पैड उपलब्ध कराया और उनका हालचाल भी पूछा। महिला ने न केवल रेलवे की इस मदद के लिए धन्यवाद दिया, बल्कि पैड की कीमत भी चुकाई।छपरा स्टेशन के टीसी कार्यालय के अनुसार, यह पहली बार था जब किसी महिला यात्री ने इस तरह की मांग की और इसे पूरे सम्मान और संवेदनशीलता के साथ पूरा किया गया। यात्रियों और सहयात्रियों ने भी रेलवे की इस पहल की सराहना की।



# एबीडब्लू वारंटी को किया गया गिरफ्तार

**दैनिक बिहार पत्रिका / उमाकांत साह**

**चांदन/बांका:-** आंनदपुर थाना क्षेत्र गोरिया डीह गांव के नूनूराम दास पिता स्वर्गीय नन्द किशोर दास को आनंदपुर थाना पुलिस ने विधिवत गिरफ्तार कर बांका न्यायालय भेज दिया।आशय कि जानकारी देते हुए आनंदपुर थाना अध्यक्ष विपिन कुमार ने बताया बांका कोर्ट के आदेशानुसार गुरुवार मध्य रात्रि वारंटी नूनूराम दास विधिवत घर से गिरफ्तार कर लिया,जिसे शुक्रवार को अग्रिम कार्रवाई करते हुए पुलिस अभिरक्षा में बांका न्यायालय भेज दिया। सुत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपी किसी



विवादित मामले में संलिप्त था। जिसके बाद बांका न्यायालय में आत्मसमर्पण कर बेल पर था।

# जिला स्तरीय वन अधीकार समिति कि की गई बैठक



**दैनिक बिहार पत्रिका/कुमार चंदन**

**बांका:-** जिला पदाधिकारी, बांका की अध्यक्षता में जिला स्तरीय वन अधीकार समिति की बैठक की गई, जिसमें वन संरक्षण पदाधिकारी, बांका अपर समाहर्ता, बांका जिला कल्याण पदाधिकारी, बांका, अंचल अधिकारी ,बौंसी, अंचल अधिकारी, चांदन, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी,बौंसी के द्वारा भाग लिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा वन संरक्षण पदाधिकारी, बांका अंचल अधिकारी,बौंसी एवं चांदन तथा प्रखंडकल्याण पदाधिकारी चांदन,बौंसी को निर्देश दिया गया कि 20 लाभुकों को पट्टा वितरण करने हेतु जांच प्रतिवेदन दो दिनों के अंदर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

# 12 बोतल विदेशी शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**दैनिक बिहार पत्रिका/ब्रजेश रोठौर**

**पंजवारा/बांका:-** शराब तस्करों की गिरफ्तारी को लेकर चलाए जा रहे अभियान में पंजवारा थाना पुलिस ने बृहसपतिवार को क्षेत्र के पंजवारा धोरैया रोड स्थित धर्म कांटा के समीप बारह बोतल विदेशी शराब के साथ बाइक सवार एक तस्कर को गिरफ्तार किया । गिरफ्तार तस्कर की पहचान गोड्डा जिला के पोड़ैयाहाट थाना क्षेत्र के कस्तूरी गांव निवासी पूरन मंडल पिता अंतू मंडल के रूप में हुई। उसके पास से पुलिस ने 750 मिली मात्रा का 6 बोतल जबकि 375 मिली मात्रा का 6 बोतल विदेशी शराब बरामद किया। तस्करी में प्रयुक्त बाइक को जब्त करते हुए गिरफ्तार शराब तस्कर के विरुद्ध बिहार मद्यनिषेध अधिनियम के



तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में बांका भेज दिया गया। इसकी जानकारी थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने दी ।

# धारा 302 में संलिप्त आरोपी पति पत्नी गिरफ्तार

**दैनिक बिहार पत्रिका/उमाकांत साह**

**चांदन/बांका:-** आंनदपुर थाना कांड संख्या 92/23 दिनांक 6 जून 2023 भा0 द0 वी0 के प्रवर्तित धारा 302/34 के आलोक में प्राथमिकी नामजद आरोपी साकिन पिंडरा गांव निवासी लूटन राय पिता रुदो राय एवं पत्नी जिलेबिया देवी उर्फ मंती देवी को विधिवत गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को पुलिस अभिरक्षा में बांका जेल



भेज दिया। इस आशय की जानकारी आंनदपुर थाना अध्यक्ष विपिन कुमार ने दिए।

# भव्य कलश शोभायात्रा के साथ विक्रमपुर में शिव शक्ति महारूद्र यज्ञ का शुभारंभ

**दैनिक बिहार पत्रिका/ ब्रजेश राठौर**

**पंजवारा /बांका:-** पंजवारा थाना क्षेत्र के विक्रमपुर खेल मैदान में शुक्रवार सुबह भव्य कलश शोभायात्रा के साथ 11 दिवसीय शिवशक्ति महारूद्र यज्ञ का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर करीब ढाई हजार महिलाओं एवं युवतियों में पौराणिक मंदार पर्वत के तराई स्थित पवित्र पापहरनी सरोवर से कलश में जल भरकर आचार्य धर्मेंद्र शास्त्री की अगुवाई में गाजे बजे के साथ यज्ञ स्थल पर पहुंचे। इस दौरान हजारों की संख्या में ग्रामीण शोभायात्रा के साथ चल रहे थे एवं राम सीता दरबार की झांकी आकर्षण का



केंद्र बनी हुई थी। शोभायात्रा यज्ञ स्थल पर पहुंचकर समाप्त हुई इसके पश्चात श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण हुआ। यज्ञ का आयोजन 28 अक्टूबर तक किया जाएगा वही यज्ञ में



रामलीला रासलीला का भी आयोजन किया जाएगा इस लिए अवसर पर भव्य मेला भी लगाया जा रहा है आयोजन को लेकर यज्ञ कमेटी के दर्जनों लोग सक्रिय हैं।

# आंगनबाड़ी केन्द्रो पर बर्तन आपूर्ति किये जाने को ले आयोजित की जाएगी बैठक



**दैनिक बिहार पत्रिका/कुमार चंदन**

बांका:- जिलाधिकारी अंशुल कुमार बांका के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 21.10.2024 को उप विकास आयुक्त, बांका के कार्यालय कक्ष में जिलांतर्गत सभी आंगनबाड़ी केन्द्रो पर बर्तन आपूर्ति किये जाने से संबंधित बैठक का आयोजन उप विकास आयुक्त बांका की अध्यक्षता में किया जाना है। अतः सभी बर्तन आपूर्ति हेतु इच्छुक बर्तन निर्माता कंपनी / सप्लायर से अनुरोध है कि दिनांक-21.10.2024 को अपराह्न 2.00 बजे उप विकास आयुक्त बांका के कार्यालय कक्ष में भाग लेने की कृपा करें।

# अज्ञात वाहन ने कंवरिया के जत्थे को रौंदा, घटना स्थल पर, 4 कंवरिया की मौत: स्थिति तनावपूर्ण

**दैनिक बिहार पत्रिका/कुमार चंदन**

**बांका:-** फुल्लीडुमर थाना क्षेत्र के शंभुगंज इंग्लिश मोड़ मुख्य मार्ग में नगरडीह मोड़ के पास करीब ढाई सौ कांवरिया की भीड़ को अनियंत्रित चार चक्का वाहन ने कुचल दिया जिससे तीन महिलाओं एवं एक पुरुष कांवरियों ने घटना स्थल पर ही दम तोड़ दिया जबकि दर्जन भर कांवरिया बुरी तरह जख्मी हो गए । सूचने मिलते ही कुछ जख्मियों को एम्बुलेंस से फुल्लीडुमर अस्पताल पहुंचाया गया । जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी





जख्मियों को मायागंज भागलपुर रेफर कर दिया गया । कुछ जख्मियों को अमरपुर एवं कुछ स्वजन अपने जख्मियों को निजी अस्पताल में भी इलाज के लिए ले गए । घटना स्थल पर मृतकों के शव पड़े रहे। काफ़ी देर बाद वरीय पुलिस पदाधिकारी पुलिस बल के साथ पहुंचे। इसके पूर्व घटना की सूचना देने के बाद भी देर से पहुंवहने के लिए स्थलीय ग्रामीणों ने अमरपुर पुलिस के साथ मारपीट की। गाड़ी में आग भी लगा दी । सड़क पर अफरातफरी का माहौल रहा । सड़क पर आने जाने वाले यात्री भी वापस लौट गए। फुल्लीडुमर पुलिस भी निष्प्रभावी हो रही थी ।वरीय पदाधिकारियों की आने के बाद पुलिस सक्रिय हुई। जानकारी के अनुसार रजौन प्रखंड के सिकानपुर ,अमरपुर के शोभान पुर, इंग्लिश मोड़ एवं बांका के डांडा गांव के दो सौ से अधिक कांवरिया बाबा जेठौर नाथ मंदिर में जल चढ़ाने को लेकर अजगैबी धाम से जल कर अखंड रामधुन करते हुए आ रहे थे। आगे आगे ट्रैक्टर पर फोटो सजा था एवं पीछे सभी गा बजग रहे थे । नगरडीह मोड़ से आगे जाने पर शंभुगंज की तरफ सेतेज गति से आ रहे चार चक्का वाहन अनियंत्रित हो कर कांवरियों की भीड़ को कुचलते हुए भागने में सफल रहा।

# विद्युत विपत्र में 103546.32 रु०का किया गया सुधार



**दैनिक बिहार पत्रिका/कुमार चंदन**

**बांका:-** गौतम पंजियारा , ग्राम-झरना, पो०- झरना, थाना-बौंसी, जिला-बांका द्वारा अत्यधिक बिजली बिल आने से परेशान होकर सहायक विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्त्ति अवर प्रमंडल, बांका के समक्ष शिकायत दायर किया गया समाधान न होने पर क्रमशः अनुमंडल लोक शिकायत निवारण कार्यालय, बांका एवं जिला लोक शिकायत निवारण कार्यालय, बांका में परिवाद दायर किया गया , लेकिन विद्युत विपत्र में कोई सुधार नहीं हुआ। अंततः गौतम पंजियारा के द्वारा द्वितीय अपीलीय प्राधिकार-सह-जिला पदाधिकारी,बांका के समक्ष परिवाद दायर किया गया सुनवाई में विद्युत् कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्त्ति प्रमंडल, बांका के द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि परिवाद के आलोक में सहायक विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्त्ति अवर प्रमंडल, बांका के द्वारा उपभोक्ता के परिसर में स्थापित स्थापित मीटर संख्या एवं पूर्व में हुए विपत्रीकरण के आधार पर इनके विद्युत विपत्र में रुपया 103546.32/- (एक लाख तीन हजार पाँच सौ छियालीस रूपये बत्तीस पैसे मात्र) का सुधार किया गया। सुधारोपरांत जमा करने योग्य राशि कुल- 5987.55/- रु० मात्र है। अपीलार्थी के परिवाद का निवारण कर दिया गया है।

# ग्रामीण विकास विभाग तथा पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के प्रगति की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित





**दैनिक बिहार पत्रिका/ मृत्युंजय कुमार**

**वैशाली |** शुक्रवार के 5.00 अप० में जिला पदाधिकारी वैशाली यशपाल मीणा कीअध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं (प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण एवं मनरेगा योजना) तथा पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, 15 वीं वित्त, षष्टम वित्त एवं RTPS) के प्रगति की समीक्षा हेतु आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने निदेश दिया कि उप विकास आयुक्त प्रखंडवार एवं पंचायत वार सभी योजनाओं के कार्यान्वयन एवं उनकी प्रगति की समीक्षा करेंगे। उन्होंने आवास सहायकों की कार्य की प्रतिदिन समीक्षा करने का निर्देश दिया। मनरेगा के तहत खेल के मैदान के निर्माण का आदेश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त अपर जिला दंडाधिकारी जिला पंचायती राज पदाधिकारी जिला योजना पदाधिकारी जिला आपूर्ति पदाधिकारी जिला प्रोग्राम पदाधिकारी सहायक निदेशक जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग सभी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी पंचायती राज पदाधिकारी व सभी तकनीकी पदाधिकारी ने भाग लिया।

# दिनकर जी की प्रसिद्ध रचना रश्मिरथी का होगा मंचन

**दैनिक बिहार पत्रिका/मृत्युंजय कुमार**

**वैशाली |** राष्ट्रकवि दिनकर जयंती के अवसर बिहार के लगभग 20 जिलों में उनकी अलग-अलग रचनाओं का मंचन हो रहा है । कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार द्वारा वैशाली जिले में रश्मिरथी के मंचन के लिए गोरखपुर की संस्था 'दर्पण' का चयन किया गया है। दर्पण के कलाकारों द्वारा रश्मिरथी का मंचन वैशाली जिले में किया जायेगा।कला ,संस्कृति एवं युवा विभाग पटना, बिहार एवं जिला प्रशासन ,वैशाली के संयुक्त तत्वावधान में रश्मिरथी का मंचन 25/ 10/2024 को होना है। राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की कालजयी कृति है जिसमें महाभारत के महान योद्धा कर्ण के जीवन की कहानी अत्यंत प्रभावी ढंग से प्रस्तुत की जाएगी ।
यह नाटक उस समाज को चित्रित करता है ,जिसमें जातिगत भेदभाव और सामाजिक असमानता के बावजूद कर्ण ने अपनी असाधारण शक्ति और साहस से मानवीय गरिमा का परिचय दिया । दर्पण संस्था के 25 कलाकारों द्वारा यह मंचन किया जाना है। रश्मिरथी ने भारतीय साहित्य में कर्ण को एक नायक के रूप में प्रतिष्ठित किया है,जो हमेशा न्याय और समानता के पथ पर खड़ा रहा। जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी,वैशाली ने बताया कि कला , संस्कृति एवं युवा विभाग के सौजन्य से इस वर्ष दिनकर जयंती के अवसर पर बिहार के लगभग 20 जिलों में उनकी अलग-अलग रचनाओं का मंचन हो रहा है । जिला प्रशासन व कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में यह नाटक मंचन होना है ।नाटक प्रस्तुति हेतु सभी आवश्यक बिंदुओं पर कार्य जारी है।

# एक नज़र इधर भी

## डिजिटल गवर्नेंस के लिए प्रतिबद्ध : मंत्री

**पटना।** सूचना प्रावैधिकी मंत्री संतोष कुमार सुमन ने कहा है कि डिजिटल गवर्नेंस को जमीनी स्तर तक लाने के लिए बिहार सरकार प्रतिबद्ध है। राज्य के 1400 सरकारी कार्यालयों और 8000 ग्राम पंचायतों को उच्च गति इंटरनेट से जल्द जोड़ने की योजना है। मंत्री नई दिल्ली में चल रहे इंडियन मोबाइल कांग्रेस के दौरान विभिन्न राज्यों के आईटी मंत्रियों के राउंडटेबल सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मंत्री ने अलग-अलग सत्र में विभिन्न उद्यमियों और निवेशकों के साथ बैठक कर उनके साथ आईटी के क्षेत्र में निवेश पर विस्तार से चर्चा की।

## पटना समेत 18 जिला कृषि पदाधिकारी को नोटिस

**पटना।** बाढ़ से फसल क्षति मामले में किसानों के आवेदन की जांच में देरी मामले में पटना समेत 18 जिला कृषि पदाधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। खगड़िया, पश्चिमी चंपारण, किशनगंज, भागलपुर, दरभंगा, नालंदा, मधुबनी, मधेपुरा, पूर्णिया, पटना, औरंगाबाद, सुपौल, सीतामढ़ी, लखीसराय, शिवहर, शेखपुरा, कटिहार और सहरसा के जिला कृषि पदाधिकारी को कारण बताओ (शोकॉज) नोटिस दिया गया है। राज्य के कुल 16 जिलों में फसल क्षति सबसे अधिक है।

## पटना में तरंग का आयोजन 21 से 25 तक

**पटना।** शिक्षा विभाग के द्वारा राज्य के सरकारी स्कूलों की छठी से आठवीं के विद्यार्थियों के लिए कला एवं खेल महोत्सव 'तरंग' का आयोजन पटना में 21 से 25 अक्टूबर तक होगा। कार्यक्रम का टीजर विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने शुक्रवार को जारी किया। कला वर्ग में नृत्य, गायन, मूर्तिकला, चित्रकला, निबंध लेखन और रंगोली बनाना तथा खेल वर्ग में ऊंची कूद, लंबी कूद, दौड़, योगा, गुलेल एवं गिल्ली-डंडा से निशानेबाजी तक आयोजन एससीईआरटी परिसर एवं पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में किया जा रहा है।

## छह अल्पसंख्यक कल्याण योजनाओं को मंजूरी

**पटना।** अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की छह योजनाओं की मंजूरी दे दी गई। विभाग के सचिव मो. सोहैल की अध्यक्षता में अनुमोदन समिति की बैठक में इन योजनाओं को मंजूरी दी गयी। समिति की बैठक में पटना विवि परिसर में स्थित मदर टेरेसा अल्पसंख्यक बालिका छात्रावास के जीर्णोद्धार, हार्डिंग रोड स्थित हज भवन में निर्माण कार्य एवं खगड़िया के अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी के परिसर में चाहरदीवारी एवं पथ निर्माण कार्य कराने की मंजूरी प्रदान की गई।

## यूडीआईडी कार्ड बनाने को प्रखंडों में शिविर 21 से

**पटना।** दिव्यांगों का विशिष्ट विकलांगता पहचान पत्र (यूडीआईडी) बनवाने के लिए पटना जिले के सभी प्रखंडों में 21 अक्टूबर से शिविर का आयोजन किया जाएगा। कैंप पीएचसी या प्रखंड कार्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा। 21 अक्टूबर को पटना सदर, फतुहा, बाढ़, मोकामा, 22 अक्टूबर को फुलवारीशरीफ, दनियावां, बख्तियारपुर, दुल्हिनबाजार, 23 अक्टूबर को संपतचक, बेलछी, बिहटा, धनरूआ, 24 अक्टूबर को खुशरूपुर, अथमलगोला, नौबतपुर, पालीगंज, 25 अक्टूबर को पंडारक, घोसवरी, मसौढ़ी, 25 अक्टूबर को मनेर, पुनपुन, दानापुर और विक्रम में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## लाभुकों का चयन 31 तक करें : गव्य निदेशक

**पटना।** गव्य निदेशक संजय कुमार ने शुक्रवार को पटना और मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र के सभी जिला गव्य विकास पदाधिकारियों और डेयरी फील्ड ऑफिसर के साथ योजनाओं की समीक्षा की। गव्य निदेशक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि 2023-24 के समग्र गव्य विकास योजना और देसी गोपालन प्रोत्साहन योजना के लक्ष्य के विरुद्ध शत प्रतिशत उपलब्धि एक माह में पूरा करें। वित्तीय वर्ष 2024-25 की योजना के लिए मिले आवेदन की स्क्रीनिंग कर योग्य आवेदकों का चयन 31 तक करने के लिए कहा गया।

# भरत मिलाप देख श्रद्धालुओं की आंखें हुई नम , गूँजे जयकारे

**दैनिक बिहार पत्रिका/छपरा**

भगवान बाजार में भरत मिलाप का आयोजन गुरुवार की रात में हुआ। भाई श्रीराम व भरत जब आपस में गले मिले तो सबकी आंखे नम हो गयी। राम और भरत ने एक दूसरे की कुशल पूछी। भरत ने पूछा भैया आप हमें छोड़कर क्यों चले आये। सभी अयोध्यावासी अनाथ हो गए हैं। यह कहकर भरत बिलख-बिलख कर रोने लगे, भाई को रोता देख श्रीराम भी भाव विहल हो गये। दोनों की आंखों से प्रेम की आँसूधारा बह चली। आंखों की मूल भाषा ने एक दूसरे के दर्द



और भाव को समझा। इधर श्रद्धालु भी भातृप्रेम की इस अनुपम दृश्य देख खुद को रोक नहीं पाये। इससे पहले भरत मिलाप को लेकर भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। भरत जी, शत्रुघ्न जी के साथ भाई भगवान राम से मिलने के लिए पूरी तैयारी के साथ निकली। हाथी,घोड़ा बैंड बाजा के साथ भरतजी की शोभायात्रा निकली। रथ पर सवार होकर भरत जी,शत्रुघ्न जी एवं वशिष्ठ मुनि के साथ भाई राम से मिलने गये। इनके साथ ही भगवान राम की आरती भी की गई इससे पहले मुख्य अतिथि छपरा नगर निगम पूर्व महापौर राखी गुप्ता एवं समाजसेवी ममता सिन्हा ने कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने कहा की भाई भरत और मर्यादा पुरुषोत्तम राम का हमारे लिए आज भी आदर्श है। मौके पर उपमेयर रागिनी देवी,सीए अमित कुमार,डॉ नेहा पांडेय,भरत मिलाप कमेटी के अध्यक्ष हरेंद्र यादव,सोनू यादव,अशोक राय,जितेंद्र राय,लक्ष्मण राय,विनोद यादव,कृष्णप्रसाद,रवि कुमार,दिलीप कुमार, सौम्या सौरभ व अन्य उपस्थित थे।

# नगर पंचायत अध्यक्ष ने पर्यटन मंत्री को लिखा ख़त :आर्ट एंड क्राफ्ट विलेज का हो रहा मिस यूज



**दैनिक बिहार पत्रिका/अमित कुमार शर्मा**

**बौंसी/बांका:-** मंदार के तराई में पर्यटन विभाग द्वारा बनाई गई आर्ट एंड क्राफ्ट विलेज का संविदा प्राप्त करने वाले संवेदक द्वारा इसका नियम अनुसार उपयोग नहीं हो रहा है नियम की अनदेखी हो रही है। इस समस्या को लेकर नगर पंचायत बौसी की अध्यक्ष कोमल भारती ने पर्यटन मंत्री को एक पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने जिक्र किया है कि आर्ट एंड क्राफ्ट विलेज के संचालन के लिए संविदा प्राप्त करने वाले संवेदक द्वारा उचित मानदंडों का ख्याल नहीं रखा जा रहा है इसे उपयोग के लिएइस्तेमाल किया जा रहा है। यहां धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाते हैं देर रात तक डीजे फिल्मी गाने पर डांस आदि का आयोजन किया जाता है जिससे स्थानीय लोग आहत हैं। शादी विवाह तथा अन्य कार्यक्रमों का आर्थिक लाभ के लिए प्रयोग लगातार किया जा रहा है। जिससे इस विलेज के उद्देश्य को भी ठेस पहुंच रहा है। इस समस्या को लेकर आम लोगों में भी गहरी नाराजगी है जानकारी हो कि सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा हाल ही में एसडीओ को भी डांडिया नृत्य में धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के संबंध में खत लिखकर इस तरह से लगातार आर्ट एंड क्राफ्ट विलेज के संचालक के प्रति लोगों मेंनाराजगी गहरा रही है।दिए गए खत की प्रतिलिपि पर्यटन सचिव जिलाधिकारी बांका सहित उन अधिकारी को भी दी गई है और जांच कर दोषी पाया जाने पर संविदा को रद्द करने की मांग की गई है। इस पत्र के बाद तरह-तरह की चर्चाएं भी जारी है।

# प्रशिक्षु से प्रशिक्षित शिक्षकों का अवलोकन कराना अबूझ पहेली

**दैनिक बिहार पत्रिका/छपरा**

## बीएड,डीएलएड छात्रों से कराया जा रहा विद्यालय अवलोकन

दिसंबर में राज्य में परख मूल्यांकन से पूर्व शिक्षकों की दक्षता जांची जा रही है । राज्य में शिक्षकों का सेवाकालीन प्रशिक्षण लगातार संचालित हो रहा है,शिक्षकों ने अब तक हुई अपनी अलग-अलग ट्रेनिंग में क्या सीखा, इसे लेकर पहले उनका मूल्यांकन किया जा रहा है। जिले समेत राज्य के सभी अध्यापक शिक्षा संस्थान के अध्ययनरत प्रशिक्षु शिक्षकों को प्रखंड के विद्यालयों से विद्यालय अनुभव कार्यक्रम के अन्तर्गत टैग किया गया है। अध्यापक शिक्षा संस्थान के प्रशिक्षु शिक्षक विद्यालय अवलोकनकर्ता के रूप में कार्य कर रहे है। जिस पर आपत्ति व्यक्त करते हुए परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष समरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि एक प्रशिक्षु से प्रशिक्षित शिक्षकों का अवलोकन कराना एक अबूझ पहेली है| दो प्रशिक्षु शिक्षक एक साथ प्रत्येक दिन दो विद्यालय में निर्धारित तिथि कैलेंडर के अनुसार विद्यालयों में निरीक्षणकर्ता के रूप में कार्य कर रहे है।टोला सेवक,शिक्षा सेवक और तालीमी मरकज से विद्यालयों का निरीक्षण कराने से सरकार को चैन नही मिला तो अब विद्यालय अवलोकन हेतु डीएलएड,बीएड में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के जिम्मे यह कार्य सौंप दिया गया है। बिहार में शिक्षा विभाग के आदेश के उद्देश्य को समझना ही बहुत मुश्किल है, प्रशिक्षु शिक्षक एक प्रशिक्षित शिक्षक और सेवाकालीन कई प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षक के शिक्षण कौशल का अवलोकन कैसे कर सकता है । इस मौके पर संजय यादव,विनोद राय, हवलदार मांझी,निजाम अहमद, पीयूष तिवारी,पंकज प्रकाश,संतोष सिंह,कमर जावेद,सुमन कुशवाहा, अनिल दास,श्यामबाबु सिंह,स्वामीनाथन राय,अजित पांडेय,भीम रजक आदि उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी ने आम लोगों की समस्या निराकरण के लिए किया साक्षात्कार



**दैनिक बिहार पत्रिका/मृत्युंजय ठाकुर**

**वैशाली |** जिला पदाधिकारी वैशाली यशपाल मीणा ने समाहरणालय में आम लोगों से साक्षात्कार किया। इस दौरान 50 आवेदक अपनी समस्याओं से जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराने हेतु आवेदन दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों से उन आवेदनों पर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। आज जमीन संबंधी प्राप्त मामले में उन्होंने डीसीएलआर को नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अधिक बिलिंग से संबंधित एक मामले में उन्होंने विद्युत संबंधी मामलों के निराकरण हेतु आवेदक को स्मार्ट मीटर लगाने का निदेश दिया। उन्होंने बताया की स्मार्ट मीटर पुराने मीटर की अपेक्षा बिजली की खपत की सही जानकारी देता है।
जिलाधिकारी ने उपस्थित पदाधिकारियों से कहा कि किसी भी मामले का निष्पादन न किया जाना या देर से करना भ्रष्टाचार को जन्म देता है। अतः कोई भी मामला प्राप्त होने के उपरांत उस पर यथाशीघ्र कार्रवाई किया जाना अपेक्षित है। किसी भी सूरत में किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार को प्रश्रय नहीं दिया जा सकता। अतः कोई भी मामला प्राप्त होते ही उस पर यथाशीघ्र कार्रवाई करते हुए इसका निष्पादन किया जाए।

# जिला समन्वय समिति की बैठक की गयी आयोजित, दिए गये कई निर्देश






दैनिक बिहार पत्रिका/कुमार चंदन

**बांका:-** जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार, बाँका की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिला पदाधिकारी, बाँका द्वारा विभिन्न विभागों यथा:-ग्रामीण विकास, पंचायती राज, जिला-भू अर्जन ,आई0सी0डी0एस0, स्वास्थ्य, कृषि, सहकारिता, कल्याण, सामाजिक सुरक्षा कोषांग, पशुपालन विभाग, सी डब्लू जे सी/ एम जे सी राजस्व, आपदा विभाग, भवन प्रमंडल, पथ प्रमंडल, सिंचाई प्रमंडल, विधुत प्रमंडल, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, इत्यादि के अन्तर्गत क्रियान्वित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान प्रति पंचायत/प्रति कर्मचारीवार 10-10 के भूमिहीन लाभुकों पर्चा निर्गत करने हेतु सभी अंचलाधिकारी, बाँका जिला को निदेश दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रा0) के अन्तर्गत आवास प्लस के प्रतीक्षा सूची में 20 भूमिहीन लाभुकों को प्राथमिकता के आधार पर बन्दोबस्ती पर्चा निर्गत करने का निदेश दिया गया। जिन ग्राम पंचायतों में ग्रामीण आवास सहायक अतिरिक्त प्रभार के रूप में कार्यरत वहाँ सर्वेयर के रूप में पंचायत के पंचायत रोजगार सेवक का आवास सॉफ्ट पर ब्लाक लॉगइन के पी एम ए वाई जी 2.0 सर्वे मोड्यूल में निबंधन किये जाने का निदेश दिया गया है। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, बाँका जिला लोहिया स्वच्छ अभियान अन्तर्गत किये गये व्यय का उपयोगिता प्रमाण पत्र डी0आर0डी0ए0,बाँका कार्यालय में अविलंब उपलब्ध कराये।सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, बाँका जिला का सभी ग्राम पंचायतों में उपयोगिता संग्रह शुल्क में वृद्वि लाने हेतु निदेशित किया गया। जिन ग्राम पंचायतों में ठोस एवं अपशिष्ट प्रबंधन हेतु सामग्रियों का क्रय नहीं किया गया है। वहाँ अविलंब सामग्री क्रय कर ग्राम पंचायतों को हस्तगत कराये। मनरेगा एवं 15 वीं वित्त योजना अन्तर्गत निर्माणाधीन कचरा प्रसंस्करण इकाई का निर्माण कार्य दिनांक-30 अक्टूबर 2024 तक पूर्ण कराने हेतु निदेशित किया गया। सभी कार्यक्रम पदाधिकारी, बाँका जिला को प्रति प्रखंड 10-10 आँगनबाड़ी केन्द्र भवन के निर्माण कार्य को पूर्ण कराने का निदेश दिया गया। सभी अंचल अधिकारी, बाँका जिला को प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक खेल का मैदान, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर हेतु भूमि चिन्हित करते हुए अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने का निदेश दिया गया। मिशन किलकारी के तहत सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, बाँका जिला को 10-10 आँगनबाड़ी केन्द्र भवन के जीर्णोद्वार हेतु सूची जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आई0सी0डी0एस0) के माध्यम से कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा को हस्तगत कराने का निदेश दिया गया। सभी आँगनबाड़ी केन्द्र भवन में शौचालय निर्माण एवं चापाकल का अधिष्ठापन का निदेश दिया गया। पोषण ट्रेकर के विभिन्न सूचाकांको पर अलग से समीक्षा कराने का निदेश जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, (आई0सी0डी0एस0), बाँका को दिया गया।अंचल अधिकारी, बाँका को हवाई अडडा के निर्माण हेतु भूमि की नापी करने हेतु निदेशित किया गया। यातायात की समस्या को देखते हुए प्रखंड अमरपुर, शंभूगंज, बेलहर , रजौन एवं बौंसी में बस स्टेण्ड के निर्माण हेतु भूमि चिन्हित करने के लिए संबंधित अंचल अधिकारी, बाँका जिला को दिया गया। लकड़ीकोला बाँका में अल्पसंख्यक बालिका छात्रावास के लिए जमीन चिन्हित करने का निदेश अंचल अधिकारी, बाँका को दिया गया। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, बाँका जिला को तलाकशुदा महिला को पेंशन दिलाने, मदरसा का रंग रोगन कराने तथा मदरसा के इमाम साहब और प्राधानाचार्य को बुलाकर मदरसे का निबंधन करवाने का निदेश दिया गया। अंचल अधिकारी, चांदन को दर्दमारा बार्डर से लेकर चांदन तक के सड़क के किनारे की जमीन का सीमांकन कराने का निदेश दिया गया। अमरपुर में बाइपास निर्माण हेतु जमीन अधिग्रहण के लिए अंचल अधिकारी, अमरपुर को निदेश दिया गया। बाँका जिला अन्तर्गत निर्मित सभी सड़कों की भौतिक जाँच हेतु जाँच दल गठन कर जाँच प्रतिवेदन समर्पित करने का निदेश दिया गया। अमरपुर, बाँका, रजौन एवं बौंसी प्रखंड में निर्मित होने वाले कृषि फॉर्म के लिए मापी कराने का आदेश संबंधित अंचल अधिकारी, बाँका को दिया गया। प्रखंड-बाराहाट, फुल्लीडुमर में सुधा मिल्क पार्लर के निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध कराने का निदेश अंचल अधिकारी को दिया गया।

अग्निपीड़ित एवं अन्य आपदाओं से मृत होने व्यक्तियों के आश्रितों को अविलंब अनुदान देने का निदेश सभी अंचल अधिकारी, बाँका जिला दिया गया। माई ब्लाक माई प्राइड के अन्तर्गत पाँच-पाँच विडियों क्लिप अपलोड करने का निदेश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, बाँका जिला को दिया गया। साथ ही बाँका जिला अन्तर्गत निर्मित पंचायत सरकार भवन, तालाब, पोखर एवं विभिन्न पंचायतों में साफाई करते कर्मियों का हाई रेजल्यूलेशन विडियों का क्लिप ग्रुप में शेयर करें।

सॉपडहर, अंगारूजबड़ा, मनियॉ, भेलवा, बड़वासनी एवं चांदन में समुदायिक भवन के निर्माण हेतु अंचल अधिकारी बौंसी, कटोरिया एवं चांदन भूमि चयन कर अनापत्ति प्रमाण अविलंब उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। एम जे सी/ सी डब्लू जे सी से संबंधित लंबित मामले का एस ओ एफ तैयार प्रतिशपथ पत्र दायर करने का निदेश संबंधित पदाधिकारी को दिया गया। बाँका जिला अन्तर्गत दिव्यांगजनों के लिए शिविर लगाकर यू डी आई डी कार्ड बनाने का निदेश दिया गया है। इस हेतु सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, बाँका जिला अपने-अपने क्षेत्रों के मुखिया, प्रधानाध्यापक एवं अन्य को प्रचार-प्रसार करने हेतु प्रेरित करें। प्रत्येक प्रखंड के प्रति पंचायतवार तीन-तीन खेल मैदान के निर्माण का प्रस्ताव सभी कार्यक्रम पदाधिकारी, बाँका जिला को दिया गया।

## स्मार्ट मीटर लगाने की गति को बढ़ाने हेतु प्रतिदिन 120 मीटर लगाने का दिया गया लक्ष्य



दैनिक बिहार पत्रिका/कुमार चंदन

**बांका:-** जिला पदाधिकारी, बांका के अध्यक्षता में विद्युत आपूर्ति प्रमंडल से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा राजस्व बढ़ाने हेतु निर्देशित किया गया। बांका प्रमंडल का 92% एवं अमरपुर प्रमंडल का 68% राजस्व लक्ष्य के विरुद्ध माह सितंबर 2024 में वसूला गया है। साथ ही बिलिंग एफिशिएंसी बढ़ाने के लिए भी निर्देशित किया गया। स्मार्ट मीटर लगाने की गति को बढ़ाने हेतु एजेंसी से समन्वय स्थापित कर मी० इंस्टॉल करने वाले स्टाफ की संख्या बढ़ाने के लिए निर्देशित किया गया। प्रतिदिन 120 मीटर लगाने का लक्ष्य दिया गया है। खराब मीटर को जल्द से जल्द बदलने का निर्देश दिया गया। निलांपत्र वदो का निष्पादन यथाशीघ्र करने हेतु निर्देशित किया गया।

विद्युत आपूर्ति बाधित रहने की स्थिति में यथाशीघ्र रिस्टोर करने का निर्देश दिया गया।

## दिनकर की कलजायी रचना "उर्वशी" का किया गया नाट्य मंचन



दैनिक बिहार पत्रिका/कुमार चंदन

**बांका:-** कला संस्कृति एवं युवा विभाग तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की कलजायी रचना "उर्वशी" का नाट्य मंचन आर एम के मैदान बांका में किया गया। मुख्य अतिथि अपर समाहर्ता बांका माननीय अजीत कुमार द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता विभागीय जांच, अनुमंडल पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी,अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, बाल संरक्षण पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी, शिक्षा पदाधिकारी, सहायक निदेशक रसायन एवं जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। नाटक की टीम नवादा से आई थी जिसके सचिव रजनीश कुमार है।

# शांति निकेतन एकेडमी में ब्लू कलर डे मनाया गया





दैनिक बिहार पत्रिका/ गया

**गया।**शांति निकेतन एकेडमी में उत्साह के साथ आज शुक्रवार को विद्यालय के सभी शाखाओं ए०पी० कॉलनी, अर्चना हाउस, कटारी हिल रोड़, गोविंदपुरम, रौना चाकंद में ब्लू कलर डे मनाया गया, विद्यालय परिसर को ब्लू कलर के गुब्बारे और हाथ से बनाए क्राफ्ट बनाकर सजाया गया. इस आयोजन मे सभी बच्चे और शिक्षिकाएँ ब्लू रंग के वेश भूषा में नजर आए, ब्लू कलर से संबधित एक्टिविटीज कराये गए। प्ले ग्रुप की छात्र श्री हरि, नित्या गुप्ता, रुद्र यादव ने ऑक्टोपस, तथा फ्लॉवर के वेश भूषा में नजर आए, वही कक्षा में सभी बच्चों ने बादल का चित्र बनाकर उसे ब्लू रंग से भर है, नर्सरी कक्षा की छात्र आदित्य सिंह, सिवांश शर्मा, आरव कुमार ने अम्ब्रेला बनाई और कक्षा में सभी बच्चों ने अम्ब्रेला बनाकर ब्लू रंग से थम्ब प्रिटिंग की, कक्षा जुनियर के०जी० के छात्र अक्षत, अदिति प्रिया, अंकुश राज ने इंकपॉट बनाई तथा सभी बच्चों ने इंकपॉट बनाकर ब्लू रंग से थम्ब प्रिटिंग की, कक्षा सिनियर के०जी० के छात्र अक्षत राज, हर्षित सिन्हा, अन्नया कुमारी, अयांश राज ने बटरफ्लाई, व्हेल फिश बनाए और सभी छात्रों ने मोती, चमकीले बिंदी से एक्टविटी बनाई है।विद्यालय के चेयरमैन हरि प्रपन्न ने बताया कि इस आयोजन का मकसद लर्न विद फन के द्वारा बच्चों के दिमाग में किसी कलर के प्रति उनकी अवधारणा को पूरी गहराई के साथ जगह दिलाना है, उन्होंने बताया कि ब्लू डे के अवसर पर बच्चों की पूरी गतिविधियां ब्लू कलर से प्रभावित थीं, मसलन बच्चों ने जो कुछ किये या रचे, सबमें कहीं न कहीं ब्लू रंग अपनी जगह बनाये हुए था, ब्लू डे पर बच्चों ने ब्लू कलर की कच्ची सामग्रियों का उपयोग कर तितली, व्हेल मछली, तितली, ऑक्टोपस आदि बनाये, ये सभी ब्लू रंग से ही बने भी और दिखे भी है।

उल्लेखनीय है कि शांति निकेतन एकेडमी इस तरह के आयोजन कराने के लिए गया शहर में सबसे प्रसिद्ध माना जाता है। और उन्होंने बताया कि शांति निकेतन में ब्लू डे के अतिरिक्त रेड डे, येलो डे, ग्रीन डे और औरेंज डे मनाया जाता है हर वर्ष। इस कार्यक्रम का नेतृत्व सभी शिक्षिकाओं एवं प्राचार्या की देख-रेख में संपन्न हुआ। इस अवसर पर एकेडमी के सारे बच्चे, शिक्षिकाएं ब्लू कलर के आयोजन में बहुत ही उत्साहित दिखे हैं।

## महायज्ञ में अरणि मंथन से उत्पन्न की गई अग्नि

दैनिक बिहार पत्रिका/पटना

स्वामी पशुपतिनाथ महाराज के जन्मोत्सव पर आयोजित सहस्त्रत्त्चंडी महायज्ञ में शुक्रवार सुबह अरणि मंथन संपन्न हुआ। लकड़ी को रगड़कर यज्ञशाला के लिए अग्नि प्रज्वलित की गई। मौके पर यज्ञाचार्य ने कहा कि भगवान सभी जगह मौजूद है। वहीं महायज्ञ में मानस धुरंधर पं.भगवान दास ने कहा कि कुछ लोगों का मन बराबर भगवत चिंतन में लगा रहता है। व्यवस्थापक सुधाकर सिंह ने बताया कि यह महायज्ञ सहस्त्रत्त्चंडी है|

इसलिए कुल पाठ का दशांश हवन किया जाएगा। महायज्ञ की सफलता के लिए अजीत तिवारी, मणिबाबा, अक्षय तिवारी, समीर, राजीव दूबे, सत्येन्द्र मिश्रा आदि सक्रिय रहे।

## जिलाधिकारी द्वारा सीडब्ल्यूजेसी, एमजेसी, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग,लोकायुक्त से प्राप्त मामलों की समीक्षा बैठक की गई



दैनिक बिहार पत्रिका/मृत्युंजय कुमार

वैशाली|शुक्रवार को 1 अपराह्न में जिला पदाधिकारी वैशाली के द्वारा सीडब्ल्यूजेसी, एमजेसी, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, लोकायुक्त से प्राप्त मामलों की समीक्षा बैठक की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि किसी भी मामले के माननीय न्यायालय में पूर्ण निष्पादन होने तक उसे पर नजर रखी जाए। पदाधिकारी किसी सीडब्ल्यूजेसी मामले में अपने वरीय कार्यालय को पत्र लिखकर अपने कर्तव्य को समाप्त समझने लगते हैं, जिस कारण मामला एमजीसी में बदल जाता है। मामला पूर्ण रूप से समाप्त होने तक उसकी जानकारी अवश्य रखी जाए। बैठक में प्रभारी पदाधिकारी जिला विधि शाखा, जिला स्थापना शाखा, जिला सामान्य शाखा, अपर जिला दंडाधिकारी (आपदा), असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी वरीय उपसमाहर्ता एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## शराबबंदी पर PK का बयान – अवैध शराब के सेवन से सैकड़ों लोगों की मौत हो रही, लेकिन नीतीश कुमार अहंकार में डूबे हुए हैं

दैनिक बिहार पत्रिका/पटना



जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने एक बार फिर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर शराबबंदी को लेकर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि राज्य में अवैध शराब के सेवन से सैकड़ों लोगों की मौत हो चुकी है, लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने अहंकार के कारण शराबबंदी को समाप्त करने के लिए तैयार नहीं हैं। उन्होंने अपने बयान में नीतीश कुमार की शराबबंदी नीति की आलोचना करते हुए कहा, नीतीश कुमार ने ऐसा शराबबंदी लागू किया है जिसमें शराब की दुकानें तो बंद हो गईं, लेकिन होम डिलीवरी शुरू हो गई। यह नीति पूरी दुनिया के लिए एक मॉडल बन गई है, जैसे कि अमेज़न (Amazon)और फ्लिपकार्ट (Flipkart) में दुकानें बंद कर होम डिलीवरी शुरू होती है। नीतीश बाबू ने बिहार में होम डिलीवरी का मॉडल पेश किया है – शराब की दुकानें बंद कीं और घर-घर शराब की डिलीवरी चालू कर दी। प्रशांत किशोर ने आगे कहा कि बिहार में घर-घर शराब बेची जा रही है, जिससे राज्य के गरीबों का हर साल 20 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह पैसा शराब माफिया और अफसरों की जेब में जा रहा है, जबकि बिहार के लोग गरीबी में जीवन व्यतीत कर रहे हैं। उन्होंने बिहार की जनता से सवाल किया कि क्या नीतीश कुमार का शासन बदलना चाहिए? इस पर वहां मौजूद लोगों ने ध्वनि मत से प्रशांत किशोर के बयान का समर्थन किया।

## शरद पवार से जेड प्लस सुरक्षा लेने का आग्रह करेगी केंद्रीय एजेंसियां

मुंबई। एनसीपी अजित पवार गुट के नेता और पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद केंद्रीय एजेंसियां अलर्ट हो गया है। केंद्रीय एजेंसियों द्वारा संभावित खतरों की समीक्षा के बाद महाराष्ट्र के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रवादी



कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार से जेड प्लस सुरक्षा पाने के लिए संपर्क करने वाली है। मालूम हो कि केंद्रीय एजेंसियों ने पहले शरद पवार को जेड प्लस सुरक्षा दी थी लेकिन तब पवार ने इसे लेने से इनकार कर दिया था। अब बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद सूत्रों ने जानकारी दी है कि केंद्रीय एजेंसियां पवार से दोबारा संपर्क करेगी। सीआरपीएफ एक बार फिर शरद पवार से जेड प्लस सुरक्षा लेने का अनुरोध करेगी। अब देखना होगा कि शरद पवार क्या फैसला लेते हैं। पिछली बार जब शरद पवार को सुरक्षा देने का फैसला हुआ था तो खूब राजनीति हुई थी। शरद पवार ने केंद्रीय एजेंसियों के अधिकारियों से कारण भी पूछा था। लेकिन उस समय सुरक्षा प्रदान करने का कारण गुप्त रखा गया था।

## पन्नू मामला : अमेरिका द्वारा दी जानकारी को भारत ने गंभीरता से लिया : जायसवाल

नई दिल्ली। खालिस्तान समर्थक और सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की नाकाम कोशिश के सिलसिले में गठित भारतीय जांच समिति की अमेरिका में अधिकारियों के साथ बैठक के बाद भारत ने कहा कि उसने अमेरिका द्वारा दी गई जानकारी को बहुत गंभीरता से लिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यह बात कही। मामले के संबंध में अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) के अभियोग में चिह्नित व्यक्ति के बारे में एक अन्य सवाल पर जायसवाल ने कहा कि वह व्यक्ति अब भारत सरकार का कर्मचारी नहीं है। अमेरिका ने पूर्व में कहा था कि भारत सरकार ने पन्नू की हत्या की साजिश के आरोपों से निपटने में गंभीरता दिखाई है। भारतीय अधिकारियों की एक टीम ने हाल में वाशिंगटन में विदेश विभाग और न्याय विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की थी। अमेरिका के आरोपों के बाद भारत ने साजिश के संबंध में अमेरिका द्वारा दी गई जानकारी की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय जांच समिति नियुक्त की। समिति के दो सदस्य अमेरिका गए और अमेरिकी अधिकारियों के साथ बैठक कर बातचीत की।

## कोलकाता के एक अस्पताल में आग लगी, मरीजों को सुरक्षित निकाला

कोलकाता। कोलकाता के सियालदह ईएसआई अस्पताल में शुक्रवार सुबह आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर दस दमकल गाड़ियां भेजी गईं और दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। अधिकारियों ने बताया कि आग की घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। अधिकारी ने बताया कि ज्यादातर मरीजों को अस्पताल से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। घटना की सूचना मिलने पर पश्चिम बंगाल के अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा मंत्री सुजीत बोस अस्पताल पहुंचे। उन्होंने अस्पताल का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देश भी दिए।

## बहराइच में जुमा की नमाज पर रहा पुलिस का सख्त पहरा, बाहरी लोगों पर रही रोक

बहराइच। यूपी के बहराइच में हुई हिंसा के बाद हालात अभी भी गंभीर बने हुए है। वहां सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी गई है। सुरक्षा के लिए यहां रैपिड रिस्पॉन्स फोर्स के जवानों को तैनात किया गया है। जुमे की नमाज में होने वाली भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने पहले ही सुरक्षा के व्यापक इंतजाम कर लिए थे। हिंसा प्रभावित इलाकों को नौ सेक्टरों में विभाजित किया गया है। पुलिस और प्रशासन की टीमें लगातार इन इलाकों में तैनात हैं। जुमा की नमाज को देखते हुए प्रशासन ने एहतियाती कदम उठाए और बहराइच में बाहरी लोगों के आने पर पूरी तरह से रोक लगा दी थी। वहीं सीएमओ भी लगातार पुलिस और जिला प्रशासन के संपर्क में बनाए हुए था। इसके लिए कंट्रोल रुम भी बनाया गया। वीडियो फुटेज के जरिए ही उपद्रवियों की पहचान हो रही है। पुलिस ने इस मामले में अब तक 50 लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना के बाद 100 से ज्यादा लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## विमानों में बम होने की धमकी देने वालों की खैर नहीं...पुलिस ने एक्स से मांगी जानकारी

नई दिल्ली। पिछले तीन दिनों में एक दर्जन विमानों में बम होने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया है। जांच में सभी धमकियां झूठी मिली हैं। कई घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को मिली बम की झूठी धमकियों पर अपनी जांच तेज कर दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को एक्स को पत्र लिखकर धमकी भरे संदेश पोस्ट करने वाले अकाउंट्स की डिटेल मांगी है। दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बम धमकी के मामलों की जांच के लिए एक टीम गठित की गई है। दिल्ली पुलिस की साइबर सेल, इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशंस (आईएफएसओ) की एक टीम को भी जांच में शामिल किया गया है। इसी कड़ी में दिल्ली पुलिस ने धमकी भरे पोस्ट शेयर करने वाले हैंडल को निलंबित करने और पोस्ट हटाने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से संपर्क किया। अधिकारी ने कहा, ऐसा संदेह है कि हैंडलर ने एक्स पर अकाउंट सेट करने के लिए वीपीएन (वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क) या डार्क वेब ब्राउजर का इस्तेमाल किया और फिर एक से अधिक अकाउंट से संदेश पोस्ट किए। उन्होंने कहा कि मुंबई पुलिस से भी संपर्क किया है और उन्होंने मामले में एफआईआर भी दर्ज की है।

# भारत की विकास यात्रा पर्यावरण संरक्षण से गहराई से जुड़ी हुई है: जयशंकर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जैव विविधता की रक्षा करने में जनजातीय समुदायों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि भारत की विकास यात्रा पर्यावरण संरक्षण के साथ गहराई से जुड़ी है। जयशंकर ने बृहस्पतिवार को जनजातीय कला प्रदर्शनी - 'साइलेंट कन्वर्सेशन- फ्रॉम द मार्जिन्स टू द सेंटर' (मौन संवाद- हाशिये से केंद्र तक) के उद्घाटन के अवसर पर यहां 'इंडिया हैबिटेट सेंटर' में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए 1973 में शुरू किए गए 'प्रोजेक्ट टाइगर' की भी प्रशंसा की।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''यह कोई अतिशयोक्ति नहीं है, यह सफलता का एक शानदार उदाहरण है। इसके लिए जनजातीय समुदाय बहुत बड़े श्रेय के हकदार हैं।''

जयशंकर ने कहा कि यह कला सिर्फ रचनात्मकता ही नहीं दिखाती, बल्कि यह एक ''गहरा संदेश देती है, जो प्रकृति और मानवता के बीच की खाई को पाटता हैज बाघों से लेकर जनजातीय समुदायों तक।'' उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी दर्शाती है कि लोग प्रकृति के साथ पूर्ण सामंजस्य स्थापित करके रह सकते हैं और यह इस बात की कहानी है कि कैसे जनजातीय समुदाय ने सहस्राब्दियों से प्रकृति के साथ एक स्थायी रिश्ता बनाए रखा है। जयशंकर ने अपने संबोधन में 'अंत्योदय' के दर्शन की बात की, जिसका अर्थ है- किसी को पीछे न छोड़ना। उन्होंने कहा, ''यह सिर्फ एक नीति नहीं है, यह हमारी सरकार की आत्मा और मार्गदर्शक सिद्धांत है।''

मंत्री ने कहा, ''हम सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास, सबका विश्वास सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिसमें हाशिए पर पड़े समुदाय, विशेषकर हमारी जनजातीय आबादी के उत्थान पर विशेष ध्यान दिया गया है। लक्षित नीतियों के माध्यम से हम अवसर पैदा कर रहे हैं, अपने जनजातीय युवाओं के लिए स्थायी आजीविका के साथ शिक्षा को बढ़ावा दे रहे हैं।'' उन्होंने रेखांकित किया कि 'आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम' इन क्षेत्रों में रहने वाले जनजातीय समुदाय के जीवन को आसान बनाने में सहायक रहा है।

विदेश मंत्री ने कहा, ''भारत की विकास यात्रा पर्यावरण संरक्षण के साथ बहुत गहराई से जुड़ी हुई है।'' उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि बाघों को कला में दर्शाया गया है और कुछ समुदाय उनकी पूजा भी करते हैं।

जयशंकर ने कहा कि जनजातीय लोगों और पर्यावरण के बीच एक ''भावनात्मक संबंध'' है और इस प्रदर्शनी को देखने के बाद मन में 'धरती माता' का भाव आता है। उन्होंने कहा कि जनजातीय समुदायों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों को विदेश में लोगों को उपहार के रूप में प्रस्तुत करना एक विदेश मंत्री के रूप में मेरे लिए ''गर्व की बात'' होगी। बाद में उन्होंने प्रदर्शनी की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर भी साझा कीं।

## बिहार में जहरीली शराब के धंधे से जुड़े लोग राजद पार्टी से : विजय सिन्हा

पटना। बिहार में जहरीली शराब से हुई मौतों पर प्रदेश के डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। सिन्हा ने दावा किया कि इसके पीछे राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के लोगों का हाथ है। शराब के धंधे में शामिल लोगों को टिकट देने का काम राजद करती है। डिप्टी सीएम सिन्हा ने कहा कि नीतिश सरकार मुद्दे पर गंभीर है, किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। नीतिश सरकार आरोपियों पर कार्रवाई कर रही है और सभी शराब माफियाओं पर सख्ती से कार्रवाई होगी। जब मैं विपक्ष में था, तब मैंने इन मुद्दों पर सवाल उठाए थे, लेकिन तब तेजस्वी कुछ नहीं बोलते थे। नीतिश सरकार इस तरह की घटनाओं पर गंभीरता से विचार कर रही है, पहले भी इस तरह की घटनाएं हुई थी। हम उन लोगों की पहचान कर रहे हैं जो इन घटनाओं के पीछे हैं। बिहार के गरीबों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। राजद पर हमला कर कहा कि राजद नेता अपने पिछले बयानों पर ध्यान दें, जब उन्होंने शराबबंदी के लिए समर्थन किया था। आज भी शराबबंदी बिहार में पूरी तरह से लागू है। हम सभी को मिलकर इस लागू करने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। बिहार में शराब माफियाओं पर सख्त कार्रवाई होगी। राजद के लोग भी शराबबंदी के समर्थन में थे, इसलिए अब उनकी जिम्मेदारी बनती है कि वह अपराधियों को बचाने का खेल बंद करें। उन्होंने चिराग पासवान द्वारा उत्तर प्रदेश में उम्मीदवार उतारे जाने पर कहा, जनता मालिक है, जनता जो फैसला करेगी वह स्वीकार होगा।

## 2500 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों से लैस होगा प्रयागराज... महाकुंभ-2025 को लेकर योगी का फूलफ्रुप प्लान

### -24 घंटे पुलिसकर्मियों की तैनाती रहेगी

**प्रयागराज (एजेंसी)।** योगी सरकार महाकुंभ-2025 को दिव्य और भव्य बनाने के लिए युद्धस्तर पर काम कर रही है। महाकुंभ से पहले पूरे शहर को भव्य रूप से सजाने का काम चल रहा है। वहीं दूसरी ओर महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर भी खास इंतजाम हो रहे हैं। पुलिस जहां चप्पे-चप्पे पर नजर रखेगी, वहीं, दूसरी ओर आधुनिक के जरिए सुरक्षा व्यवस्था को और भी पुख्ता करने की तैयारी चल रही है। इसमें सबसे अहम रोल एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) आधारित सीसीटीवी कैमरे निभाएंगे। पूरे शहर में 2500 से ज्यादा सीसीटीवी लगाने की तैयारी है। इसमें एआई आधारित सीसीटीवी कैमरे भी शामिल है, जिन्हें सीधे कंट्रोल रूम से जोड़ा जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में महाकुंभ के कामों को लेकर समीक्षा की थी। मेला अधिकारी विजय किरण आनंद ने बताया कि सीएम ने अधिकारियों को 15 दिसंबर तक सारे काम पूरे करने के निर्देश दिया है। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के निर्देश दिए गए है, ताकि महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं को असुविधा ना हो। इसके बाद प्रयागराज में विकास कार्यों ने रफ्तार पकड़ ली है।

मेला अधिकारी आनंद ने बताया कि प्रमुख स्थानों और मेला क्षेत्र में एआई आधारित सीसीटीवी कैमरे लगाने की तैयारी है। अब तक एक हजार सीसीटीवी को विभिन्न स्थानों पर इंस्टॉल भी किया जा चुका है। इसके अलावा शहर के विभिन्न स्थानों पर 80 वीएमडी टीवी स्क्रीन को लगाया जाएगा। इसके जरिये विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियों को डिस्पले किया जाएगा। महाकुंभ में करीब 25 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है।

महाकुंभ मेला को लेकर हेल्पलाइन 1920 के लिए डेडिकेटेड 50 सीटर कॉल सेंटर बनाया जा रहा है, जहां पर 24 घंटे पुलिसकर्मी तैनात रहने वाले है। यहां से पल-पल का अपडेट अधिकारियों के साथ शेयर किया जाएगा। वहीं कोई संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु या फिर अगर किसी स्थान पर ज्यादा भीड़ एकत्रित होती है, तब संबंधित चौकी और थाने को सूचना दी जाएगी। ताकि वहां से भीड़ को कम किया जा सके। साथ ही भीड़ को एक जगह एकत्रित होने से रोकने के लिए रियल टाइम अलर्ट सीसीटीवी कैमरे अहम रोल निभाएगा।

# जम्मू-कश्मीर सरकार राज्य का दर्जा बहाल करना चाहती है, अनुच्छेद 370 नहीं: इंजीनियर राशिद

**श्रीनगर (एजेंसी)।** बारामूला से सांसद शेख अब्दुल राशिद ने कहा कि जम्मू-कश्मीर सरकार के अनुच्छेद 370 नहीं, बल्कि सिर्फ राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग वाला प्रस्ताव पारित करने की खबरें हैं, जो 'बहुत दर्दनाक' है और सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस के सैद्धांतिक रुख से 'भटकने जैसा' है। इंजीनियर राशिद के नाम से मशहूर शेख अब्दुल राशिद की यह टिप्पणी जम्मू के अखबार दैनिक एक्सेलसियर में प्रकाशित उस खबर के बाद आई है, जिसमें कहा गया है कि अब्दुल्ला सरकार ने केंद्र से जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के अनुरोध वाला प्रस्ताव पारित किया है। खबर में यह भी कहा गया है कि प्रस्ताव का मसौदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सौंपने के लिए मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला खुद दिल्ली जाएंगे।



हालांकि, खबर की न तो आधिकारिक पुष्टि हुई है और न ही इसका खंडन किया गया है। राशिद ने कहा, ''ऐसी खबरें हैं कि राज्य का दर्जा बहाल करने के अनुरोध वाला प्रस्ताव पारित किया गया है। कुछ भी पारित करना उनका अधिकार है। लेकिन हम उमर को याद दिलाना चाहते हैं कि उन्होंने अनुच्छेद 370 और 35ए तथा राज्य के दर्जे के बहाली की वादे को लेकर चुनाव लड़ा था।'' उन्होंने श्रीनगर में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''इसलिए ऐसी खबरें बहुत दर्दनाक हैं कि केवल राज्य के दर्जे के संबंध में प्रस्ताव पारित किया गया है। यह उमर की पार्टी के सैद्धांतिक रुख से भटकने के समान है।''

राशिद ने कहा, ''प्रधानमंत्री और (केंद्रीय) गृह मंत्री ने कई बार राज्य का दर्जा बहाल करने का वादा किया है। तो उमर यही चीज क्यों चाह रहे हैं? वह उस चीज को क्यों मांग रहे हैं, जो भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) पहले से ही देने को तैयार है?'' उन्होंने कहा, ''इसका मतलब है कि वह (अनुच्छेद) 370 और 35ए के बारे में बात करने को तैयार नहीं हैं। यह सिर्फ दिखावा है और वह उस एजेंडे से भटक रहे हैं, जिस पर उन्होंने चुनाव लड़ा था।'' आवामी इत्तेहाद पार्टी (एआईपी) के प्रमुख राशिद ने कहा, ''ऐसा लगता है कि नेशनल कॉन्फ्रेंस और भाजपा के बीच कुछ चल रहा है। वे लुका-छिपी का खेल खेल रहे हैं। केंद्र को उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार राज्य का दर्जा बहाल करना है।''

उन्होंने कहा, ''अब्दुल्ला सिर्फ शहीदों में शुमार होना चाहते हैं। वह अन्य मुख्य मुद्दों से भागना चाहते हैं... यह शेख मोहम्मद अब्दुल्ला के प्रधानमंत्री से मुख्यमंत्री बनने के बाद किए गए धोखे जैसा है।'' शपथ ग्रहण समारोह के दिन तीन बार पोशाक बदलने के लिए उमर पर निशाना साधते हुए राशिद ने कहा कि इसका मतलब है कि मुख्यमंत्री शपथ लेकर बहुत खुश थे, जबकि उन्हें उस दिन गंभीर होना चाहिए था। उन्होंने कहा, ''मैं इसे लेकर उन पर हमला नहीं कर रहा हूं। यह उनका निजी फैसला है और वह जो चाहें, करने के लिए स्वतंत्र हैं। लेकिन, चूंकि वह एक मुख्यमंत्री हैं, इसलिए हमें इन चीजों पर ध्यान देना पड़ता है।''

एआईपी प्रमुख ने कहा, ''इसका मतलब है कि उन्हें असल मुद्दों की कोई चिंता नहीं है। ऐसा लगता है कि वह भाजपा के साथ अपनी दोस्ती को सही ठहराने की कोशिश कर रहे हैं, जैसे कि उन्होंने प्रधानमंत्री और गृह मंत्री की तारीफ की।'' उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर सरकार को केंद्र के समर्थन की जरूरत है और 'हम चाहते हैं कि केंद्र प्रशासनिक और विकास संबंधी मुद्दों पर सरकार का समर्थन करे, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि उमर अपने रुख से भटक जाएं।'

राशिद ने आरोप लगाया,''वह (उमर) मोदी और भाजपा सरकार के साथ अपने रिश्ते मजबूत करने का बहाना ढूंढ रहे हैं। उन्हें स्पष्ट करना चाहिए कि अगर भाजपा 100 साल तक सत्ता में रहती है, तो क्या कश्मीरियों को अपने अधिकार मांगने के लिए 100 साल तक इंतजार करना चाहिए।'' उन्होंने सरकार से दरबार स्थानांतरण की प्रथा को भी बहाल करने का आग्रह किया, जिसके तहत सर्दियों में छह महीने के लिए शासन जम्मू और गर्मियों में छह महीने के लिए श्रीनगर से चलाया जाता है। एआईपी सांसद ने कहा, ''उन्हें (उमर) लोगों को बताना चाहिए कि कौन-सा शहर केंद्र-शासित प्रदेश की राजधानी है---श्रीनगर या जम्मू। उनकी सरकार कहां बैठेगी।'' उन्होंने कहा, ''हम चाहते हैं कि दरबार स्थानांतरण की परंपरा बरकरार रहे। यह दोनों क्षेत्रों के बीच जुड़ाव का सूत्र है।

# आप सरकार जागेगी तो दिल्ली की समस्याएं हल हो जाएंगी

### राजधानी में वायु गुणवत्ता खराब, बीजेपी नेता शहजाद व तिवारी ने बोला हमला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राजधानी दिल्ली में एक बार फिर वायु गुणवत्ता खराब होने लगी है। सर्दी शुरु होने और दीपावली के पहले ही हवा का स्तर काफी नीचे पहुंच गया है। दिल्ली में खराब होती वायु गुणवत्ता को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) पर बीजेपी सांसद मनोज तिवारी ने हमला बोला और कहा कि पिछले दस सालों से दिल्ली में आप सरकार प्रदूषण को कम नहीं कर पाई है। उन्होंने लोगों से दिल्ली विधानसभा चुनावों में बीजेपी का समर्थन करने का आग्रह किया है।





मनोज तिवारी ने कहा कि पिछले दस सालों से दिल्ली में काबिज आप सरकार का प्रदूषण कम करने का कोई इरादा नहीं है...प्रदूषण फिर से खतरनाक होता जा रहा है। नदी और हवा प्रदूषित हो रही है। लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। यह तो बस शुरुआत है। 4-5 महीने बाद चुनाव हैं, मैं लोगों से अनुरोध करता हूं कि दिल्ली को फिर से दिल्ली बनाने के लिए बीजेपी को मौका दें। आप सरकार तब जागती है जब कोई समस्या होती है। दिल्ली की समस्याएं उस दिन हल हो जाएंगी जिस दिन वे समस्या आने से पहले जागना शुरू कर देंगे।

वहीं बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि दिल्ली जहरीली गैस चैंबर बनती जा रही है और इसके लिए उन्होंने आप सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। शहजाद ने कहा इसके लिए आप की आरोप-प्रत्यारोप की प्रदूषित राजनीति जिम्मेदार है। पंजाब में पराली जलाने का क्या हुआ, जिसे अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में प्रदूषण का मुख्य कारण बताया था? बायो डीकंपोजर का क्या हुआ? पराली जलाना से पहले ही शुरू हो चुका है।

अरविंद केजरीवाल और उनकी सरकार ने पटाखों पर बैन लगा दिया लेकिन प्रदूषण के इन कारणों का क्या, जो मुख्य कारण हैं? पंजाब में पराली जलाने के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं। बीजेपी नेता ने आगे कहा कि आप और अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के नागरिकों के स्वास्थ्य को खतरे में डाल दिया है। शहजाद ने कहा कि वाहन प्रदूषण, औद्योगिक प्रदूषण, धूल, बायोमास जलाना, पिछले दस सालों में इनके बारे में क्या किया गया है? कुछ भी नहीं। स्मोक टावरों का क्या हुआ? स्मोक टावर बंद हो गए हैं। अब वे केवल दोष लगाने का खेल खेलेंगे। हमारे नागरिकों का स्वास्थ्य खतरे में है और इसका कारण आप और केजरीवाल हैं।

# शिंदे सरकार ने लाडकी बहिन योजना के प्रचार में ही खर्च कर दिए 200 करोड़



### -आरटीआई से हुआ खुलासा, सरकार पर उठ रहे सवाल

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। मध्य प्रदेश की तर्ज पर महाराष्ट्र सरकार ने सीएम एकनाथ शिंदे मांझी लाडकी बहिन योजना शुरू की है। सरकार ने इस योजना के प्रचार-प्रसार में करीब 200 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। इसका खुलासा सूचना के अधिकार (आरटीआई) से हुआ है। सरकार ने सिर्फ एक योजना का प्रचार करने लिए करीब 200 करोड़ रुपये खर्च कर डाले। बाकी योजनाओं की बात तो अलग ही है।

महाराष्ट्र सरकार ने इसी साल जुलाई में लाडली बहिन योजना शुरु की थी। इस योजना के तहत महिलाओं को हर माह 1500 रुए दिए जा रहे हैं, लेकिन महाराष्ट्र सरकार ने योजना के प्रमोशन के लिए मात्र चार महीने में ही 199,81,47,436 करोड़ खर्च कर दिए हैं। शिंदे सरकार ने लाडली बहिन योजना के लिए हर साल 46 हजार करोड़ का बजट पास किया है। सरकार ने सिर्फ एक योजना के लिए चार महीने में करीब 200 करोड़ खर्च कर दिए, जो अब सवालों के घेरे में है। अमरावती के एक आरटीआई कार्यकर्ता ने सरकार से सूचना के अधिकार के तहत इसकी जानकारी मांगी थी। इसका जवाब सरकार ने दिया और बताया कि विविध माध्यमों द्वारा सरकार ने इसके प्रचार-प्रसार में 199,81,47,436 यानी करीब 200 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। अब इस जानकारी के बाद आरटीआई कार्यकर्ता ने सरकार पर सवाल उठाया है कि अगर यह योजना इतनी लाभकारी है तो उसे इतना प्रचारित करने की जरूरत क्यों पड़ी? जनता के टैक्स के पैसे की बर्बादी सरकार ने क्यों की? ये आंकड़ा सिर्फ प्रचार प्रसार का है। वहीं सरकार ने इस योजना के लिए कई कार्यक्रम और रैलियां की हैं जिसमें करोड़ों रुपये खर्च किए हैं। अगर इसे भी जोड़ दिया जाए तो ये खर्च का कुल आंकड़ा 500 करोड़ तक भी पहुंच सकता है। बता दें कि महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव एक ही चरण में 20 नवंबर को होना है। वोटों की गिनती 23 नवंबर को होगी। देखने होगा कि शिंदे सरकार की यह योजना का असर लोगों पर कितना हुआ है।

# भूस्खलन की भविष्यवाणी करेगा ये एप... आईआईटी दिल्ली के प्रोफेसर ने किया तैयार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईआईटी दिल्ली ने लैंडस्लाइड यानी भूस्खलन की भविष्यवाणी और मैपिंग के लिए वेब एप तैयार किया है। इससे किसी भी इलाके की लैंडस्लाइड हिस्ट्री 3 से 5 मिनट में तैयार होती है। आईआईटी दिल्ली के प्रोफेसर मानाबेंद्र सहारिया ने तैयार किया है। इस एप का नाम है कासकेड दिया है।

यह एप लैंडस्लाइड वाले इलाकों की मैपिंग करता है। अभी देश में लैंडस्लाइड मैपिंग का काम असल में भूस्खलन वाली जगह पर जाकर होता है। इसमें काफी ज्यादा समय लगता है। देश में कई ऐसी जगहें हैं, जहां पहुंच पाना मुश्किल होता है। ये वेब एप इस काम को सैटेलाइट इमेज से 3 से 5 मिनट में पूरा कर देता है।

लैंडस्लाइड मैपिंग से पता लगाना आसान होगा, कि किसी जगह पर पहले लैंडस्लाइड होते रहे हैं। माना जाता है कि अगर किसी जगह पर पहले लैंडस्लाइड हुआ है, तब वहां फिर लैंडस्लाइड होगा। कई बार यह जानकारी न होने के चलते लोग पहाड़ों पर घर बना लेते हैं. सड़क बन ली जाती हैं। इससे नुकसान होता है।

लेकिन यह एप लैंडस्लाइड के बाद रीहैब में भी मदद करती है। इस एप से यह पता लगाना आसान होता है, कि उस जगह पर मौजूद कोई मकान, रेलवे लाइन या फिर सड़क को कितना नुकसान हुआ है। इंश्योरेंस क्लेम में इसका डेटा काफी मददगार साबित होगा।

### क्या होती है लैंडस्लाइड?

लैंडस्लाइड या भूस्खलन सिर्फ पहाड़ों पर ही नहीं होते है। हिमालय से लेकर केरल तक हो रहे हैं। यह एक नार्मल प्रक्रिया है, इसमें जमीन या पर्वत का बहुत बड़ा हिस्सा खिसकता है। संतुलन और स्थिरता खोता है। तब वह नीचे की ओर सरकता है। बीते 10-15 वर्षों में मौसमी आपदाओं का आना बढ़ गया है। इसकी वजह से पहाड़ी ढलानें स्थिरता नहीं पा रही हैं। इस पाने के लिए ऊपर से नीचे की तरफ खिसक जाते हैं। आमतौर पर इस प्रक्रिया को लैंडस्लिप कहते हैं। जब लैंडस्लिप बड़े पैमाने पर होता है, तब इस घटना को लैंडस्लाइड कहा जाता है।





# रीता सान्याल आ रही है आपको चौकाने और हंसाने के लिए

डिज्नी प्लस हॉटस्टार ने हाल ही में थ्रिलर ड्रामा सीरीज, रीता सान्याल की घोषणा की है, जिसमें शानदार अदाह शर्मा मुख्य भूमिका में हैं। अदाह के साथ अंकुर राठी, राहुल देव और माणिक पपनेजा जैसे प्रतिभाशाली कलाकार हैं। रीता सान्याल को केलाइट प्रोडक्शन्स द्वारा प्रोड्यूस किया गया है और ये डिज्नी प्लस हॉटस्टार मोबाइल ऐप पर मुफ्त में स्ट्रीम करने के लिए उपलब्ध होगी। लुक्स से लेकर जस्टिस तक, रीता सान्याल आपको चौकाने, सोचने और हंसाने आ रही है! पेशे से वकील और दिल से जासूस, रीता सान्याल एक नई और ताज़गी भरी टवीस्ट लेकर आती हैं। केलाइट प्रोडक्शन्स के बैनर तले राजेश्वर नायर और कृष्णन अय्यर द्वारा प्रोड्यूस की गई और अभिरूप घोष द्वारा निर्देशित डिज्नी प्लस हॉटस्टार की 'रीता सान्याल' मशहूर लेखक अमित खान द्वारा रचित किरदार पर आधारित है। इसे डिज्नी प्लस हॉटस्टार के मोबाइल ऐप पर मुफ्त में देखा जा सकेगा, और नए एपिसोड सोमवार से शुक्रवार तक जारी होंगे! हम सभी डिटेक्टिव थ्रिलर्स के फैन रहे हैं और डिज्नी प्लस हॉटस्टार की रीता सान्याल उसी में एक मजेदार ट्विस्ट लेकर आई है जिसका इंतजार हम सभी को था! अदाह शर्मा शानदार प्रदर्शन करती हैं, जहां वो एक मेहनती वकील और तेज-तर्रार जासूस का किरदार निभाती हैं जो अपनी चतुराई और हाज़रिजवाबी से मुश्किल केस सुलझाती हैं। उनकी अद्भुत क्षमता उन्हें हर स्थिति में ढलने देती है, और वो खतरनाक कानूनी मोर्चों पर भी मजबूती से डटी रहती हैं। मशहूर लेखक अमित खान, जिन्होंने रीता सान्याल का किरदार रचा है, ने कहा, रीता सान्याल एक वकील है। रीता सान्याल न केवल कोर्ट में केस हल करती है बल्कि खुद जांच भी करती है। उसके केस सुलझाने का तरीका बहुत अनोखा है और वो अपराधियों के बीच घुलने-मिलने के लिए अलग-अलग भेष धरती है। अदाह शर्मा ने 'रीता सान्याल' के किरदार को जीवंत कर दिया है। उन्होंने रीता सान्याल के हर अलग भेष को बखूबी निभाया है।




# फिल्म स्त्री 2 की सफलता का जश्न मना रही श्रद्धा कपूर

अपनी फिल्म स्त्री 2 की सफलता का बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर इन दिनों जश्न मना रही हैं। एक्ट्रेस अपने प्यारे पेट्स के साथ समय बिताते हुए सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। श्रद्धा ने अपने पेट स्मॉल के पसंदीदा गाने के बारे में खुलासा किया, जिसने उनके फैंस के बीच हलचल मचा दी है।

श्रद्धा के पास दो प्यारे पेट्स हैं - श्ल्योह और स्मॉल, जिनके साथ उनकी बॉन्डिंग सोशल मीडिया पर अक्सर दिखती है। इस बार श्रद्धा ने बताया कि स्मॉल का फेवरेट गाना 90 के दशक की हिट फिल्म मिस्टर और मिसेज खिलाड़ी का प्रसिद्ध गाना समोसे में आलू है। श्रद्धा ने इंस्टाग्राम पर इस गाने का स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए लिखा, मेरे स्मॉल का फेवरेट सॉन्ग। श्रद्धा ने इस पोस्ट के साथ एक वीडियो भी साझा किया, जिसमें उनके दोनों पेट्स गली में मस्ती करते हुए नजर आ रहे हैं। इस वीडियो को पोस्ट करते हुए श्रद्धा ने मजाकिया अंदाज में कैप्शन लिखा, मेरी सोसाइटी बॉस लोग। अभिनेत्री ने अपने पेट्स को लेकर अक्सर प्यारी और दिलचस्प पोस्ट्स शेयर की हैं, जो उनके फैंस के बीच काफी लोकप्रिय हैं। फिल्मी मोर्चे पर श्रद्धा कपूर को हाल ही में स्त्री 2 में देखा गया, जिसने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया। इस फिल्म में उनके साथ राजकुमार राव, पंकज त्रिपाठी, अभिषेक बनर्जी और अपारशक्ति खुराना नजर आए। स्त्री की सफलता के बाद, स्त्री 2 से भी दर्शकों की उम्मीदें काफी थीं, और फिल्म ने इन उम्मीदों पर पूरी तरह खरा उतरते हुए जबरदस्त कमाई की। श्रद्धा को फिल्म में उनके किरदार और अभिनय के लिए काफी सराहना मिल रही है।

श्रद्धा की पिछली फिल्मों में आशिकी 2, ओके जानू, एक विलेन, हसीना पार्कर, छिछोरे, और स्ट्रीट डांसर 3 डी जैसी हिट फिल्में शामिल हैं, जिन्होंने उन्हें बॉलीवुड की सफल अभिनेत्रियों की सूची में मजबूती से स्थापित किया है। फिलहाल, श्रद्धा अपने करियर के सुनहरे दौर का आनंद उठा रही हैं और अपने प्यारे पेट्स के साथ मस्ती करते हुए अपने फैंस से जुड़े रहने का हर मौका तलाश रही हैं। बता दें कि श्रद्धा ने स्मॉल को 21 सितंबर को अपने परिवार में शामिल किया था और इंस्टाग्राम पर स्मॉल की तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा था, मेरे घर आई एक नई स्त्री... मिलिए स्मॉल से। यह मेरे परिवार की नई सदस्य और मेरी दोस्त है। मुझे यह तोहफे में मिली है।

# अनन्या ने आर्यन खान को लेकर किया दिलचस्प खुलासा

हाल ही में बालीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को लेकर एक दिलचस्प खुलासा किया है। एक्ट्रेस अनन्या पांडे इस समय अपनी वेब सीरीज़ सीटीआरएल के प्रमोशन में व्यस्त हैं। प्रमोशन के दौरान अनन्या ने बताया कि बचपन में आर्यन खान ने उन्हें और उनकी दोस्तों को एक बार धमकी दी थी। अनन्या ने कहा, मैं अक्सर ब्लॉग बनाती थी जिसमें मैं अपने दिनभर की गतिविधियां और खाने-पीने की चीजें रिकॉर्ड करती थी, लेकिन इन्हें कभी पोस्ट नहीं करती थी। उस समय, फोटोबूथ और एप्पल जैसी नई चीजें आई थीं, और हम सुहाना, शनाया और मैं इसे रिकॉर्ड करते थे। एक बार आर्यन ने हमें धमकी दी कि अगर हम उसके लिए काम नहीं करेंगे, तो वह हमारे प्राइवेट वीडियो और ब्लॉग्स लीक कर देगा। अनन्या ने इस मजाक को बचपन की शरारत बताया और कहा कि यह सब किसी गंभीरता से नहीं किया गया था। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि ऑनलाइन सेफ्टी के मुद्दे पर जागरूकता फैलाना बेहद जरूरी है।



अनन्या ने कहा, आजकल सोशल मीडिया पर सुरक्षा के मुद्दे पर ध्यान देना बहुत जरूरी है, और हमें इसके बारे में सचेत रहना चाहिए। जहां अनन्या और सुहाना बॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत कर चुकी हैं, वहीं उनकी दोस्त शनाया कपूर जल्द ही अपनी फिल्मों से पर्दे पर दिखाई देंगी। शनाया अपनी पहली फिल्म के लिए तैयार हैं और उनके फैंस इसको लेकर काफी उत्साहित हैं। दूसरी ओर, आर्यन खान अपने दोस्त बंटी सिंह के साथ मिलकर एक लग्जरी लाइफस्टाइल ब्रांड लेटी ब्लागोर्वा लॉन्च कर चुके हैं। इस बयान के बाद, सोशल मीडिया पर लोग अनन्या और आर्यन की बचपन की इस मजाक को लेकर चर्चा कर रहे हैं। हालांकि, अनन्या ने इसे सिर्फ एक हल्का-फुल्का मजाक बताया, और इस घटना को लेकर किसी प्रकार की कोई नकारात्मकता नहीं जताई है। बता दें कि शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान और एक्ट्रेस अनन्या पांडे बचपन से ही अच्छे दोस्त रहे हैं। दोनों अक्सर साथ स्पॉट होती हैं और एक-दूसरे के साथ समय बिताती हैं।

# मुश्किल समय के बावजूद हिना ने शेयर की भावुक पोस्ट

अभिनेत्री हिना खान इस समय सबसे कठिन दौर से गुजर रही हैं। एक्ट्रेस ब्रेस्ट कैंसर से जूझ रही हैं। इस मुश्किल समय के बावजूद हिना ने हाल ही में एक भावुक पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने अपनी आंखों और पलकों की तस्वीर साझा की। तस्वीर में उनके लंबी और खूबसूरत पलकों का गिरना साफ नजर आ रहा है, जो कि कीमोथेरेपी का असर है। अब उनकी आखिरी पलक बची हुई है। हिना ने इस कठिन समय को अपनी प्रेरणा बताया और लिखा कि यही आखिरी पलक उनके संघर्ष और साहस की प्रतीक है। हिना खान ने इंस्टाग्राम पर तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, जानना चाहते हैं कि इस समय मेरी प्रेरणा का सोर्स क्या है? एक समय था, जब मेरी सुंदर पलकें मेरी आंखों की शोभा बढ़ाती थीं। ये जेनेटिकली बहुत लंबी और सुंदर लैशेस थीं। ये बहादुर... अकेली योद्धा मेरी आखिरी पलक ने मेरे साथ सबकुछ सहन किया है, लड़ा है। मेरी कीमो के आखिरी सेशन में ये अकेली पलक मेरी प्रेरणा है। हम इस मुश्किल समय को भी पार कर लेंगे। हिना ने यह भी बताया कि पिछले एक दशक से उन्होंने नकली पलकें नहीं पहनी थीं, लेकिन अब उन्हें शूट्स के लिए इसे पहनना पड़ता है। उन्होंने इस मुश्किल वक्त में भी अपने आत्मविश्वास को कायम रखते हुए कहा, कोई नहीं, सब ठीक हो जाना है। गौरतलब है कि हिना खान कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के बावजूद अपने काम से दूर नहीं हुई हैं। वह लगातार शूट्स में व्यस्त हैं और अपने पेशेवर जीवन को भी संभाल रही हैं।



# मौनी रॉय अपने फैशन सेंस से खींचा सभी का ध्यान

अभिनेत्री मौनी रॉय ने लंदन फैशन वीक 2025 में जबरदस्त प्रभाव डाला है। मौनी ने इस इवेंट में 1 मिलियन डॉलर की मीडिया इम्पैक्ट वैल्यू (एमआईवी) दर्ज की। इस आयोजन में वह एकमात्र भारतीय सेलिब्रिटी थीं, जिन्होंने न केवल भारत का प्रतिनिधित्व किया, बल्कि वैश्विक स्तर पर अपने फैशन सेंस से भी सबका ध्यान आकर्षित किया। एक पोस्ट के अनुसार, मौनी रॉय ने इस कार्यक्रम के दौरान मीडिया इम्पैक्ट वैल्यू में डॉलर 1 मिलियन का आंकड़ा छूने में सफलता प्राप्त की। एमआईवी ब्रांडों को उनके पोस्ट, इंटरैक्शन और लेखों के लिए वित्तीय मूल्य का निर्धारण करने में मदद करता है, जिससे वे अपने ब्रांड और विपणन सहयोग की प्रभावशीलता का आकलन कर सकते हैं। मौनी की प्रभावशीलता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने कार्यक्रम की पहुंच को बढ़ाया और विभिन्न ब्रांडों को सबसे आगे लाया। इस लिस्ट में मौनी रॉय के साथ-साथ प्रसिद्ध हस्तियों जैसे हू बिंग, डायमोंटे हार्पर, डेक्लान राइस और लेह-ऐनी पित्नॉक का भी नाम था, लेकिन मौनी रॉय ने इस प्रतिस्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल किया। डालर 1 मिलियन की एमआईवी के साथ, वह अब सबसे प्रभावशाली हस्तियों में गिनी जाती हैं।

इस सफलता ने यह साबित कर दिया है कि मौनी रॉय केवल एक बॉलीवुड स्टार ही नहीं, बल्कि एक ग्लोबल आइकन भी हैं, जो हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर रही हैं। मौनी ने इस इवेंट में अपने बेदाग फैशन सेंस से भी सबको मंत्रमुग्ध किया और खुद को एक सच्चे फैशनिस्टा के रूप में स्थापित किया। इसके अलावा, काम के मोर्चे पर भी उन्होंने उल्लेखनीय प्रगति की है। हाल ही में उन्होंने बेंगलुरु में अपनी रेस्तरां चैन बदमाश का विस्तार किया, जो पहले से ही मुंबई में सफलता प्राप्त कर चुकी थी।



# स्कैम से बचो अभियान के ब्रांड एंबेसडर बन आयुष्मान



मेटा ने अपनी नई सुरक्षा मुहिम स्कैम से बचो अभियान का एक्टर आयुष्मान खुराना को ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया है। बॉलीवुड स्टार आयुष्मान खुराना लोगों को ऑनलाइन ठगी से बचाव और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने के लिए जागरूक करेंगे।

इस अभियान को इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारतीय साइबर क्राइम समन्वय केंद्र और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सहयोग से लॉन्च किया गया है। मेटा का यह अभियान देश में बढ़ती ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर क्राइम के मामलों से निपटने में सरकार के प्रयासों का समर्थन करता है और यूजर्स की ऑनलाइन सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को उनके रोजमर्रा के जीवन में होने वाली आम धोखाधड़ी से सतर्क करना है और उन्हें इस बारे में जागरूक करना है कि वे डिजिटल दुनिया में किस प्रकार सुरक्षित रह सकते हैं। अभियान के तहत एक शैक्षिक फिल्म बनाई गई है, जिसमें आयुष्मान खुराना एक शादी के मेहमान के रूप में नजर आते हैं। फिल्म में आयुष्मान उन लोगों को ठगी से बचाने का काम करते हैं जो धोखाधड़ी का शिकार होने वाले होते हैं। उनका हास्यपूर्ण अंदाज और शीघ्र सोच ने फिल्म को आकर्षक और जागरूकता पैदा करने वाला बना दिया है। फिल्म में फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप पर उपलब्ध सुरक्षा सुविधाओं को भी प्रमुखता से दिखाया गया है, जो यूजर्स को अपनी ऑनलाइन सुरक्षा पर नियंत्रण रखने का अवसर प्रदान करती हैं। इस अभियान में मेटा की सुरक्षा सुविधाओं पर भी जोर दिया गया है, जिनमें टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन, ब्लॉक और रिपोर्ट, और व्हाट्सएप की समूह गोपनीयता सेटिंग्स जैसी सुविधाएं शामिल हैं। इन सुविधाओं का उद्देश्य यूजर्स को ऑनलाइन ठगी, धोखाधड़ी और अकाउंट खतरे से बचाने के लिए जरूरी सुरक्षा उपकरण प्रदान करना है। अभियान के लॉन्च पर आयुष्मान खुराना ने कहा, आज के डिजिटल युग में ऑनलाइन धोखाधड़ी और ठगी के मामलों में तेजी से वृद्धि हो रही है। यह जरूरी है कि हम सतर्क रहें और खुद को सुरक्षित रखने के उपायों के बारे में जानें। मैं मेटा की इस सुरक्षा पहल का हिस्सा बनकर खुश हूं, जिसका उद्देश्य लोगों को साइबर ठगी से बचाव के बारे में जागरूक करना है। यह अभियान हमें याद दिलाता है कि किसी भी कार्रवाई से पहले दो बार सोचें और मेटा के सुरक्षा टूल्स का इस्तेमाल करें, जो आपकी ऑनलाइन सुरक्षा को सुनिश्चित करते हैं। इस अभियान में ओटीपी ठगी, व्यक्तिगत खातों और गोपनीय जानकारी को नुकसान पहुंचाने वाली ठगी, नकली निवेश और व्यापार घोटाले, फर्जी लोन ऐप्स और ऑफर जैसी धोखाधड़ी का प्रदर्शन किया गया है।

# जब वी मेट में मुख्य भूमिका के लिए चुना गया था भूमिका को

बालीवुड अभिनेत्री भूमिका चावला ने हाल ही में अपने करियर से जुड़े कुछ दिलचस्प खुलासे किए हैं। भूमिका ने बताया कि उन्हें इम्तियाज अली की हिट फिल्म जब वी मेट और राजकुमार हिरानी की मुन्ना भाई एमबीबीएस से रिप्लेस किया गया था। भूमिका ने दौरान कहा कि उन्हें जब वी मेट में मुख्य भूमिका निभाने के लिए चुना गया था, लेकिन बाद में करीना कपूर को उनकी जगह कास्ट कर लिया गया। भूमिका ने बताया कि पहले इस फिल्म का नाम ट्रेन रखा गया था और उनके साथ बॉबी देओल को कास्ट किया गया था। बाद में, कई कास्टिंग बदलाव हुए और आखिरकार करीना और शाहिद कपूर को फिल्म में लिया गया। उन्होंने कहा, मुझे केवल एक बार बुरा लगा, जब मैंने जब वी मेट साइन की थी लेकिन काम नहीं कर पाई। इसके अलावा, भूमिका ने यह भी खुलासा किया कि उन्हें संजय दत्त की फिल्म मुन्ना भाई एमबीबीएस के लिए भी साइन किया गया था, लेकिन बाद में उनकी जगह ग्रेसी सिंह को लिया गया। हालांकि, भूमिका ने इस बात को स्वीकार किया कि फिल्म इंडस्ट्री में ऐसे बदलाव सामान्य हैं और उन्होंने इसे सहजता से लिया। भूमिका ने अपने करियर में हिंदी के अलावा तेलुगु, तमिल और मलयालम सिनेमा में भी काम किया है। तेरे नाम से उन्हें काफी प्रसिद्धि मिली थी। इसके बाद उन्होंने कई और फिल्मों में काम किया। साल 2023 में भूमिका ने सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान के साथ बॉलीवुड में वापसी की थी। भूमिका ने सलमान खान के साथ फिल्म तेरे नाम में अपनी बेहतरीन अदाकारी से दर्शकों के दिलों में जगह बनाने कामयाबी हासिल की थी।



# आधुनिक तरीके से करें मिर्च की खेती



सब्जियों में मिर्च अपने तीखेपन के लिये जानी जाती है। लेकिन रतलाम जिले के ग्राम सिमलावदा निवासी किसान श्री कंवरा के लिये मिर्च की खेती कामयाबी का साधन बन गई।

रतलाम जिले के किसान कंवरा के परिवार के पास लगभग 160 बीघा जमीन है। उनका परिवार परम्परागत रूप से दो फसलों के साथ-साथ कुछ सब्जी भी अपने खेतों में भी लगा लिया करता था। खेतों में पानी अधिक लगने के कारण हमेशा उनके खेत में सिंचाई की दिक्कत बनी रहती थी। खेतों में कम उत्पादन के कारण उनका परिवार आर्थिक तंगी का सामना भी कर रहा था।

कुछ समय पहले सिमलावदा गाँव में उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों ने दौरा किया। गाँव के किसानों ने उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों के सामने सब्जी के उत्पादन में पानी अधिक लगने की बात रखी। उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों ने किसानों को सब्जी उत्पादन बढ़ाने के लिये सिंचाई के ड्रिप सिस्टम के बारे में बताया। अधिकारियों ने बताया कि ड्रिप



सिस्टम से कम पानी में पूरे खेत की अच्छे तरीके से सिंचाई की जा सकती है। किसान कंवरा ने कृषि सलाह के अनुसार अपने खेत में ड्रिप सिस्टम की स्थापना की। उन्होंने दी गई सलाह के अनुसार 6 इंच ऊंची एक फीट चौड़ी बेड्स पूरे खेत में तैयार कर ली। उन्होंने अपने खेत में हाईब्रिड मिर्च के पौधे 40 से 60 सेंटीमीटर की दूरी पर रौपे। किसान कंवरा ने पूरे सीजन के दौरान उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों द्वारा दी गई सलाह को माना और सलाह अनुसार काम किया। आज उनके खेत में मिर्च उत्पादन काफी बढ़ गया और मिर्च की उन्नत किस्म उत्पादन के रूप में मिली।

किसान कंवरा बताते हैं ड्रिप संयंत्र लगने के पूर्व जहां उन्हें प्रति बीघा 9 क्विंटल ही लाल मिर्च का उत्पादन प्राप्त होता था वहीं अब प्रति बीघा लगभग 12 क्विंटल मिर्च का उत्पादन मिल रहा है। आज वे अपने खेत में 140 बीघा जमीन पर मिर्च लगा रहे हैं।

किसान कंवरा मानते हैं कि उद्यानिकी एवं कृषि विभाग की खेती-किसानी के संबंध में दी जा रही आधुनिक सलाह को माना जाये तो कृषि उत्पादन को काफी हद तक बढ़ाया जा सकता है। आज उनकी पहचान आसपास के गाँव में प्रगतिशील कृषक के रूप में होती है। सब्जी उत्पादन से मिली आर्थिक तरक्की से उनके परिवार के जीवन में बदलाव आया है। वे अब खेती-किसानी में और नई-नई तकनीकों का इस्तमाल कर रहे हैं।

# फूलों की खेती फायदे का सौदा

देश में इन दिनों फूलों की वार्षिक घरेलू माँग 25 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से बढ़ रही है। भारत का अंतर्राष्ट्रीय फूल बाजार 90,000 करोड़ रुपये का है जो हर वर्ष बढ़ता ही जा रहा है। भारतीय बागवानी बोर्ड के अनुसार फूलों की खेती से संबंधित उत्पादों से कुल आय 205 करोड़ की है। जिसमें 105 करोड़ प्रंपरागत फूलों से है और 100 करोड़ आधुनिक फूलों से है। भारत में फूलों का निर्यात करने वाली 300 से अधिक इकाइयाँ है। राष्टीय बागवानी बोर्ड की रिपोर्ट के औसर भारत में वर्ष 2007-08 में 160.7 हज़ार हेक्टेयर क्षेत्र में फूलों की खेती हुई है इस वर्ष छील्न के बाद भारत दूसरे नंबर पर है। आइये जाने भारत में उगने वाले प्रमुख फूलों की देखरेख के तरीके:

**एन्थुरियम:**

रोपाई: 30 गुणा 30 सेमी की दूरी पर तिकोनी जगह में। कटाई का चरण: छड़ का कड़ा होना, पर 1/3 से 3/4 फूल खिला होने पर।

**पैदावार:** 2 से 3 फूल हर पौधे से पहले साल में जो की बढ़कर 4 से 6 दूसरे साल और 6 से 8 तीसरे साल तक हो जाती है। गुलदस्ते में उम: 22 से 23 दिन

**जरवेरा:**

रोपाई: 35 गुणा 45 सेमी की दूरी पर। जनवरी, फ़रवरी बेहतर है जड़े के लिए और जून, जुलाई गर्मी के लिए।

कटाई का चरण: पंखुड़ियों के पूरा खुल जाने पर

पैदावार: 200 से 250 फूल प्रति वर्ग मीटर हर साल

गुलदस्ते में उम्र: 7 से 8 दिन

**ऑरकिड**

रोपाई: कटाई का चरण: जब फूल की आधी पंखुड़ीयाँ खुल चुकी हों

पैदावार: 2 से 3 छड़ प्रति पौधे से और 5 से 6 छड़ तीसरे साल से

गुलदस्ते में उम्र: 12 से 21 दिन किस्म के प्रकार पर निर्भर

**टीयूब रोज (गुलाब)**

रोपाई: फ़रवरी मार्च में मैदानी में, अप्रैल, मई में पहाड़ों पर। 20 से 25 सेमी की दूरी पर 5 से 7 सेमी के गढ्ढे में

पैदावार: 2 से 6 फूल हर पौधे से

गुलदस्ते में उम्र:6 से 8 दिन

**गुलाब**

रोपाई: अक्टूबर से अप्रैल की शुरुआत तक। 60 गुणा 60 सेमी की दूरी पर।

कटाई का चरण: एक दो पंखुड़ियों के खिलते ही।

पैदावार: 15 से 30 हर पौधे से।

गुलदस्ते मे उम्र: 4 से 7 दिन

**मॉरीगोल्ड**

रोपाई- साल के किसी भी समय 40 गुणा 40 सेमी

कटाई का चरण: पूरा आकर का होने पर

पैदावार: 11 से 18 टन / हेक्टेयर

गुलदस्ते में उम्र: 2 से 4 दिन

**ग्लैदोलस**

रोपाई: जुलाई या दिसंबर मे 30 गुणा 20 सेमी की दूरी और । सेमी गहरे गड्ढे में।

कटाई का चरण: पंखुड़ियों में रंग आने पर।

पैदावार: 10,000 से 15,000 छड़े। गुलदस्ते में उम्र: 14 से 21 दिन, 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तापमान में।

# अब सूरज सा चमकेगा खेत



आपने भी कभी किसी हाइवे से गुज़रते हुए या ट्रेन में सफ़र करत हुए चमकते हुए सूरजमुखी के पीले फूलों के खेत को देखा होगा, ये नज़ारा आपकी आँखों को दो पल के लिए सुकून ज़रूर देता होगा, पहले यह फसल एक फूल के रूप में ही उगाई जाती थी, वनस्पति उत्पादक असोसिएशन के आँकड़ों के अनुसार हमरे देश में सूरजमुखी 38,8000 हेक्टेयर भूमि में उगाया जाता है। इसमें 40-50 प्रतिशत अच्छे किस्म का तेल होता है, सूरजमुखी का तेल पीले रंग का होता है तथा व्यंजनो को पकने में प्रयोग किया जाता है यह तेल हाइड्रोजिनेटेड तेल बनाने के काम भी आता है, इसके लिए तेल में 40-44 प्रतिशत अच्छी किस्म का प्रोटीन होता है।

इसकी खेती हल्की से भारी मिट्टी में सफलतापूर्वक की जा सकती है, लेकिन मध्यम किस्म की भूमि अधिक उपयुक्त रहती है मिट्टी का पीएच मान 6-5 से 8-5 इसकी सफल पैदावार के लिए उपयोगी होती है खेत से जल निकास का प्रबंध हों आवश्यक है, पिछ्ली फसल की कतई के बाद मिट्टी पलटने वाले हाल से एक जुताई करें। बाद में अच्छे अंकुरन के लिए भूमि की दो से तीन बार जुताई करें। इसके बाद पाटा सुहागा लगाकर बुआई के लिए खेत तैयार करें।ध्यान रहे कि खेत में ढेले न रहें, सूरजमुखी की फसल को साल में तीन बार बोया जा सकता है। खरीफ मौसम में अधिक उपज हेतु इसकी बुआई अगस्त माह में करें, रबी में मध्य अक्टूबर से नवम्बर के प्रथम पखवाड़े तक व बसंत कालीन बुआई के लिए जनवरी से फ़रवरी अंत का समय उत्तम है।

एक हेक्टेयर की बुआई के लिए संकर किस्म का बीज 4-5 किलोग्राम, उनन्त किस्म का 10 किलोग्राम बीज पर्याप्त होता है। बीज को 4-6 घंटे तक पानी में भिगोना चाहिए उपर तैरने वाले थोथे बीजों को अलग निकाल देना चाहिए, भिगोये गये बीज को छाया में सूखा लें।

बीज जनित बीमारियों की रोकथाम एवं अच्छे अंकुरन के लिए बुआई से पूर्व बीज को 2-3 ग्राम थाईरम या कैप्टान प्रति किलोग्राम बीज की दर से उपचारित करें। बुआई हाल द्वारा व चौव कर भी की जा सकती है, उन्नत क़िस्मों को क़तारों में 45 सेमी तथा संकर क़िस्मों को 60 सेमी की दूरी पर बोएँ तथा पौधे से पौधे की दूरी 20-30 सेमी रखें। बीज को भूमि की नामी अनुसार 3-5 सेमी गहरा बोएँ, बुआई के 15-20 दिन बाद घने पौधे उखाडकर पौधों के बीच निश्चित दूरी रखें।

बुआई के 15-20 दिन बाद खरपतवार निकाल दें इसी समय पौधों की छ्टयी कर पौधे से पौधे की दूरी सिर्फ़ आवश्यकता अनुसार करे तथा खरपतवरों को समय-समय पर नष्ट करें। रसायनों द्वारा कहरपतवरों के नियंत्रण हेतु एलकलोर 1-5 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर की दर से पानी में घोलकर बुआई के एक दिन बाद च्चिड़काव करें या 750 ग्राम फ्लुफलोरेलीन प्रति हेक्टेयर की दर से पानी में घोकर बुआई के एक दिन पहले खेत में छिड़काव कर अच्छी तरह मिट्टी में मिलाएँ। यदि अधिक बढ़ने वाली किस्म बोई जाती है तो फसल को गिरने से बचाने के लिए कलियाँ बनते समय पौधे पर मिट्टी चढ़ाएँ, बुआई से पूर्व 7-8 टन प्रति हेक्टेयर सड़ी हुई गोबर की खाद भूमि में डालकर अच्छी तरह मिलाएँ उर्वरकों का प्रयोग मिट्टी परीक्षण के आधार पर ही करें। यदि किसी कारणवश मिट्टी परीक्षण नही करवा पाते हो तो सिंचित फसल में 60-80 किलोग्राम नाइट्रोजन, 60 किलोग्राम फॉस्फोरस तथा 40 किलोग्राम पोटॅश 80-125 किलोग्राम उरिया, 130 किलोग्राम मूरेट ऑफ पोताश प्रति हेक्टेयर की दर से पूरी मात्रा बुआई करते समय बीज के नीचे क़तारों में डाले। फॉस्फोरस की मात्रा की सिंगल सुपर फॉसफेट द्वारा पूर्ति किए जाने पर वांच्छित मात्रा में गंधक की भी आपूर्ति हो जाती है जो कि तिलानी फसलों में तेल की मात्रा बढ़ता है फूल आने के समय सिचाई करना ज़रूरी होता है प्रथम सिचाई बुआई के एक माह बाद व अन्य सिचाई 20-25 दिन के अंतराल से आवश्यकतानुसार करे, फूल आने के समय एक हल्की सिचाई अवश्य करें। यदि वर्षा अच्छी हो जाए तो खरीफ मौसम की फसल को एक भी सिचाई की।



स्वामी मुद्रक, प्रकाशक सम्पादक कृष्णा टेकड़ीवाल द्वारा डिजिटल अखबार कंकड़बाग पटना से प्रकाशित। समाचार पत्र में किसी भी समाचार व लेख-आलेख पर सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी वाद-विवाद के लिए न्याय क्षेत्र पटना ही रहेगा। मोबाइल- 9801716267